(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रविवार, 17 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 118 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त



लाल सिंह चड्ढा की रिलीज...8



## 18 से 20 अप्रैल तक गुजरात का दौरा करेंगे पीएम मोदी, कई विकास परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला




नई दिल्ली। गुजरात में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। खबर के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 से 20 अप्रैल तक गुजरात का दौरा करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की कई परियोजनाओं का आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 से 20 अप्रैल तक गुजरात का दौरा करेंगे। 18 अप्रैल को च्ड गांधीनगर में स्कूलों के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा करेंगे। 19 अप्रैल को बनासकांठा के दियोदर में बनास डेयरी संकुल में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

बयान में यह भी बताया गया है कि इसके बाद च्ड जामनगर में ˘भ्ट ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की आधारशिला रखेंगे। 20 अप्रैल को च्ड गांधीनगर में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री दाहोद में आदिजाति महासम्मेलन में शामिल होंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर वीडियो लिंक के जरिए गुजरात के मोरबी में भगवान हनुमान की 105 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत इस मोड़ पर स्थिर नहीं बना रह सकता और उसे आत्मनिर्भर बनना होगा।


मोदी ने करते हुए कहा, ''भारत अब स्थिर नहीं बना रह सकता... हम जहां है, वहीं बने नहीं रह सकते। वैश्विक स्थिति ऐसी है कि पूरी दुनिया यह सोच रही है कि 'आत्मनिर्भर' कैसे बनना है।'' उन्होंने कहा, ''मैं देश के संतों से अनुरोध करूंगा कि वे केवल स्थानीय उत्पाद खरीदने की लोगों को शिक्षा दें। 'वोकल फॉर लोकल' मुख्य चीज है। हमारे घरों में, हमें केवल अपने लोगों की बनाई चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। कल्पना कीजिए, इसके कारण कितनी अधिक संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।'' मोदी ने कहा कि विदेशी वस्तुएं लोगों को अच्छा महसूस करा सकती हैं, लेकिन इसमें ''हमारे लोगों की कड़ी मेहनत, हमारी मिट्टी की सुगंध'' का एहसास शामिल नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यदि आगामी 25 साल में हम केवल स्थानीय उत्पाद इस्तेमाल करते हैं, तो हमारे लोग बेरोजगार नहीं रहेंगे।

## भारत में कोविड–19 के 975 नए मामले आए



नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड–19 के 975 नए मामले आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,40,947 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 11,366 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, चार और संक्रमितों की मौत से महामारी से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,21,747 पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का केवल 0.03 प्रतिशत है, जबकि संक्रमण मुक्त होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 175 की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.26 प्रतिशत दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,25,07,834 हो गई है, जबकि संक्रमण से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि भारत में अब तक कोविड–19 रोधी टीकों की 186.38 करोड़ से अधिक खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में जो चार मौतें दर्ज की गई हैं, उनमें से एक–एक मौत हरियाणा, महाराष्ट्र, मिजोरम और ओडिशा में हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, कोविड–19 से अब तक हुई कुल 5,21,747 मौतों में से महाराष्ट्र में 1,47,827 लोगों की, केरल में 68,402 लोगों की, कर्नाटक में 40,057 लोगों की, तमिलनाडु में 38,025 लोगों की, दिल्ली में 26,158 लोगों की, उत्तर प्रदेश में 23,499 लोगों की और पश्चिम बंगाल में 21,200 लोगों की जान गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण से अब तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में पहली बार हुआ कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता का आयोजन




नई दिल्ली। श्रीनगर में इन दिनों कई खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में कयाकिंग और कैनोइंग मैराथन आयोजित की गयी जिसमें 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जम्मू और कश्मीर खेल परिषद ने श्रीनगर में झेलम नदी पर पहली बार कैनोइंग मैराथन का आयोजन किया। श्रीनगर के मशहूर जीरो ब्रिज से शुरू होकर श्रीनगर के गणपतियार इलाके तक चली मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। मैराथन में कम से कम 10 महिला एथलीटों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में मैराथन की विजेता स्थानीय एथलीट नबीला खान बनीं जिन्होंने जम्मू–कश्मीर के लिए कई पूर्व में कई पदक जीते हैं। इस तरह के आयोजनों के पीछे प्रशासन का उद्देश्य है कि खेलों के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ाया जाये।

## यूपी में बढ़ने लगे कोरोना केस

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि कोरोना के बढ़ते केस के चलते वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत पूरे एनसीआर को अलर्ट मोड में रखा जाए। वह शनिवार को टीम–9 के साथ बैठक कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में बीते कुछ दिनों से कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका असर है। गौतमबुद्ध नगर में 70 और गाजियाबाद में 11 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इसलिए जरूरी है कि पूरे एनसीआर में हाई अलर्ट रखते हुए पूरे पुखध्ता इंतजाम किए जाएं। कराएं जीनोम सिक्वेंसिंगः गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड पॉजिटिव पाए गए मरीजों के सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इन जिलों के डीएम, सीएमओ से संवाद कर स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 507 है। विगत 24 घंटों में 73 हजार 881 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 106 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई।

## पुडुचेरी एक्सप्रेस हादसे की जांच के आदेश

मुंबई। मुंबई के माटुंगा स्टेशन पर दादर–पुडुचेरी एक्सप्रेस के तीन कोच के शुक्रवार रात पटरी से उतरने की घटना को लेकर उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




उल्लेखनीय है कि माटुंगा स्टेशन पर शुक्रवार रात लगभग पौने 10 बजे दादर–पुडुचेरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 11005) के तीन कोच उस समय पटरी से उतर गए, जब सीएसएमटी–गडग एक्सप्रेस के इंजन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। यह हादसा भारत में पहली यात्री ट्रेन चलने की 169वीं वर्षगांठ से एक दिन पहले हुआ। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि हादसा संभवतरू गडग एक्सप्रेस के सिग्नल की अनदेखी करने के कारण हुआ, लेकिन इसके असल कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता शिवाजी सुतार के मुताबिक, हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के चलते पुडुचेरी एक्सप्रेस और गडग एक्सप्रेस के अलावा दादर–साईंनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है, जबकि पुणे–मुंबई इंद्रायणी एक्सप्रेस, नांदेड़–मुंबई तपोवन एक्सप्रेस एवं मडगांव–मुंबई मांडवी एक्सप्रेस सहित कुछ मेल–एक्सप्रेस ट्रेन को थोड़ी देर के लिए निलंबित कर दिया गया है। सुतार के अनुसार, हादसे के चलते लोकल ट्रेन का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि रेलवे संबंधित लाइन पर रेल सेवाएं जल्द से जल्द सामान्य बनाने की कवायद में जुटा है। जोनल रेलवे ने सीएसएमटी में यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। मध्य रेल खंड पर इस महीने यह दूसरी दुर्घटना है। इससे पहले, तीन अप्रैल 2022 को महाराष्ट्र के नासिक के पास लोकमान्य तिलक–जयनगर एक्सप्रेस (पवन एक्सप्रेस) पटरी से उतर गई थी।

## गिरिराज सिंह का दावा– करौली जैसी हिंसा की 'स्क्रिप्ट' कहीं और लिखी जा रही है

जयपुर। केंद्रीय पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह ने राजस्थान के करौली शहर में हालिया हिंसा व आगजनी की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं की 'स्क्रिप्ट' (पटकथा) कहीं और लिखी जा रही है।




जयपुर के आधिकारिक दौरे पर आए सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''रामनवमी पर जो घटनाएं घटीं वे दुखद हैं और सामाजिक समरसता को तोड़ने वाली हैं। इसकी 'स्क्रिप्ट' कहीं और लिखी जा रही है, चाहे पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) लिखे, चाहे सिमी (स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) लिखे।'' उन्होंने कहा, '' ...करौली उसका सबसे बड़ा उदाहरण है, मध्य प्रदेश उदाहरण है और किसी कारण से झगड़ा हो गया, यह संयोग होता है और प्रयोग यह होता है कि करौली में आप छतों पर पूरी तैयारी रखे हो।'' उन्होंने कहा, ''प्रयोग तब होता है जब मध्य प्रदेश में (कुछ लोग) तलवार लेकर निकलते हैं और एसपी व लोगों पर प्रहार करते हैं और गोली चला देते हैं, एसपी घायल हो जाता है। यह प्रयोग है।'' उन्होंने कहा कि करौली हिंसा की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए जाएं। उल्लेखनीय है कि दो अप्रैल को करौली में नव संवत्सर पर निकाली जा रही एक बाइक रैली पर कुछ लोगों द्वारा पथराव किए जाने से आगजनी व हिंसा हुई। सिंह ने इससे पहले सिंह यहां राज्य सरकार के अधिकारियों की बैठक की। बैठक में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल संसाधन, उद्यान विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमानजी मंदिर में दर्शन भी किए और हनुमान जयंती पर पूजा–अर्चना की।

## कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से NCR में अलर्ट, सीएम योगी ने टीम–9 के अधिकारियों को जारी किए दिशा–निर्देश

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे राज्यों में बीते कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एनसीआर के जिलों में भी इसका असर देखने को मिला है। गौतमबुद्ध नगर जिला में संक्रमण के 43 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 98,832 हो गयी है। इसके साथ ही गाजियाबाद में भी 11 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। बढ़ते मामलों के मद्देनजर पूरे एनसीआर को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम–9 के अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड संक्रमित पाए गए मरीजों के जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इन जिलों के डीएम, सीएमओ से संवाद कर स्थिति की गहन समीक्षा की जाए।



12 से 14 साल और 15 से 17 साल के बच्चों के टीकाकरण की प्रगति को सीएम ने संतोषप्रद बताया है। साथ ही इसे और तेज करने के निर्देश दिए हैं। 18 साल से अधिक की आयु के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने का काम में तेजी लाए जाने की बात कही गई है। 700 निजी टीकाकरण केंद्र पर बूस्टर डोज लगवाया जा सकता है। इन टीकाकरण केंद्रों और बूस्टर डोज के महत्व के बारे में आमजन को जागरुक किया जाए। सीएम ने कहा है कि हर दिशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीके से छूट ना जाए। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड पॉजिटिव पाए गए मरीजों के सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इन जिलों के डीएम, सीएमओ से बात करके स्थिति की समीक्षा की जाए। गौरतलब है कि बीते 24 घंटे के अंदर ही उत्तर प्रदेश में कोरोना के नए मामलों की संख्या सीदे दोगुनी हो गई है। प्रदेश में 77 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि ठीक एक दिन पहले मंगलवार को संक्रमितों की संख्या 35 थी। नोएडा से सबसे अधिक 40 केस सामने आए हैं। नोएडा के स्कूली बच्चों में तेजी से संक्रमण का फैलाव हो रहा है। बुधवार को भी 9 बच्चे वायरस की चपेट में आ गए हैं।

## कट्टरता–नफरत देश की नींव को हिला रहे, सोनिया का मोदी पर हमला, बोलीं– हेट स्पीच के खिलाफ खड़े होने से कौन रोकता है



नई दिल्ली। रामनवमी के दिन देश में अलग–अलग हिस्सों में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। इसी कड़ी में आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। एक अखबार में लिखें लेख के जरिए सोनिया गांधी ने मोदी पर सख्त टिप्पणी की और सवाल किया कि ऐसा क्या है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नफरत भरे बोल के खिलाफ खड़े होने से रोकता है? इसके साथ ही सोनिया गांधी ने दावा किया कि कट्टरता, नफरत और विभाजन देश की नींव हिला रहे हैं और समाज को ऐसे क्षति पहुंचा रहे हैं जिसकी शायद कभी भरपाई नहीं की जा सकेगी। अपने लेख में उन्होंने लिखा कि त्योहारों के साझा उत्सव, विभिन्न आस्थाओं के समुदायों के बीच अच्छे पड़ोसी वाले संबंध, ये सब युगों से हमारे समाज की गौरवपूर्ण विशेषता है। संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए इसे कमजोर करना भारतीय समाज और राष्ट्रीयता की समग्र और समन्वित नींव को कमजोर करना है। सोनिया गांधी ने दावा किया कि भारत को स्थायी उन्माद की स्थिति में रखने के लिए इस विभाजनकारी योजना का हिस्सा और भी घातक है। सत्तासीन लोगों की विचारधारा के विरोध में सभी असहमतियों और राय को बेरहमी से कुचलने की कोशिश की जाती है। राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि भारत की विविधताओं को स्वीकार करने के बारे में प्रधानमंत्री जी की ओर से बातें तो बहुत हो रही है। लेकिन कड़वी हकीकत यह है कि जिस विविधता ने सदियों से हमारे समाज को परिभाषित किया है, उसका इस्तेमाल उनके राज में हमें बांटने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक उदारवाद का बिगड़ता माहौल और कट्टरता, नफरत और विभाजन का प्रसार आर्थिक विकास की नींव को हिला देता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि ऐसा क्या है, जो प्रधानमंत्री को स्पष्ट और सार्वजनिक रूप से 'हेट स्पीच' के खिलाफ खड़े होने से रोकता है, चाहे यह 'हेट स्पीच' कहीं से भी आए? सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि डर, धोखा और डराना–धमकाना इस तथाकथित मैक्सिमम गवर्नेंस, मिनिमम गवर्नमेंट की रणनीति के स्तंभ बन गए हैं। उन्होंने कहा, ''यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कर्नाटक में जो किया जा रहा है, कॉरपोरेट जगत से जुड़े कुछ साहसी लोग उसके खिलाफ बोल रहे हैं। इन साहसी आवाजों के खिलाफ सोशल मीडिया में एक अनुमानित प्रतिक्रिया हुई है। लेकिन चिंताएं बहुत व्यापक हैं– और बहुत वास्तविक भी हैं।'' सोनिया गांधी ने कहा, ''संविधान सभा द्वारा 1949 में संविधान को अंगीकृत किये जाने के उपलक्ष्य में मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की प्रथा शुरू की है। यह हर संस्था को व्यवस्थित रूप से शक्तिहीन करते हुए संविधान का पालन करने जैसा है। यह सरासर पाखंड है।'' उन्होंने दावा किया, ''देश का एक उज्ज्वल भविष्य बनाने और युवा प्रतिभाओं का बेहतर इस्तेमाल करने में हमारे संसाधनों का उपयोग करने के बजाय, एक काल्पनिक अतीत के नाम पर वर्तमान को नया रूप देने के प्रयासों में समय और मूल्यवान संपत्ति दोनों का उपयोग किया जा रहा है।



# विद्यालय का ताला काटकर चोरों ने हजारों का सामान किया पार

गोंडा। क्षेत्र के अकबरपुर प्राथमिक विद्यालय का ताला काटकर रात विद्यालय में घुसे चोरों ने हजारों रूपये का सामान पार कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हौंसिला प्रसाद वर्मा ने कोल्हमपुर इमाम पुलिस चौकी पर दी हुई तहरीर में बताया कि सुबह विद्यालय की रसोइयां जय श्री और मीरा द्वारा उन्हें फोन से विद्यालय में चोरी होने की सूचना दी गई। अवकाश होने के बावजूद जब प्रधानाध्यापक विद्यालय में पंहुचे तो देखा कि विद्यालय के कार्यालय का ताला खुला है। आफिस के दरवाजे पर लगा ताला काटा गया है। अंदर जाने पर पता चला कि कार्यालय में लगा विद्युत मोटर, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, 10 थाली, 10 गिलास, 06 प्लेट और चम्मच गायब हैं।

इसके साथ ही विद्यालय की अलमारी तोड़कर चोरों ने विद्यालय के दस्तावेजों को तितर–बितर कर दिया है। कक्षा 2 का ताला तोड़कर कमरे में लगा छत वाला पंखा भी चोर चुरा ले गये।इस घटना के 15 दिन पहले दौलतपुर प्राथमिक विद्यालय में भी चोरी हुई थी। एक माह पूर्व मैनपुर प्राथमिक विद्यालय में भी चोरों द्वारा दो बार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है मामले में कोल्हमपुर इमाम चौकी पर विद्यालय की तरफ से तहरीर भी दी गई थी लेकिन चोरों का कोई भी सुराग पुलिस नहीं लगा पाई। एक माह पूर्व ही मैनपुर के लाल बहादुर पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी चोरी हो चुकी है। कुछ दिन पहले एक ही रात में मनबढ़ चोरों द्वारा किशुंदासपुर, और कोल्हमपुर इमाम बाजार से दो भैंस और एक टुल्लू पंप चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था लेकिन तहरीर के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। क्षेत्र में लगातार बढ रही चोरी की घटनाओं से जहां आम लोग दहशत में हैं वहीं कोई कार्रवाई ना होने से चोरों के हौसले भी सातवें आसमान पर हैं। इस संबंध में कोल्हमपुर इमाम के चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार रमन ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# भ्रष्ट लेखपाल को मलाईदार क्षेत्र में नियुक्त कर बना चर्चा का विषय,आईएएस एसडीएम के नाम पर लिया था लाखों की रिश्वत, किया गया था निलंबित पुनः रिश्वत लेने का हो रहा वीडियो वायरल

गोंडा । तहसील सदर में मृतक आश्रित पर लेखपाल बने सन्तोष श्रीवास्तव का रिश्वतखोरी बन्द होने का नाम नही ले रहा है पूर्व में खैरा ग्राम सभा मे लेखपाल था जहां एक सम्मानित ब्यक्ति के आवासीय पट्टा होने के बावजूद भी ग्राम सभा भूमि कब्जा दिख 115ब कर दिया था, हालांकि जब आरटीआई के तहत उक्त सम्मानित व्यक्ति द्वारा तहसील से जानकारी मांगी गई तो तहसील से जानकारी दी गई की पट्टे की भूमि के आसपास कोई ग्राम समाज की भूमि नहीं है और कब्जा है वह सम्मानित ब्यक्ति के नाम आवासीय पट्टा है।इससे यह साबित हुआ द्वेष भावना और स्वार्थ में संतोष श्रीवास्तव ने 115ब का मुकदमा कायम किया था , इसी ग्राम सभा से पेड़ काटने और जमीन का पट्टा कराने के नाम पर एक आईएएस एसडीएम के नाम पर कुछ लोगों से लाखों रुपए की वसूली की गई और जब एसडीएम को इसकी जानकारी हुई तो उनके द्वारा संतोष श्रीवादताव लेखपाल को निलंबित कर दिया गया था।

अपनी पहुच के चलते कुछ दिनों के बाद बहाल होकर उसी ग्राम सभा खैरा में तैनात हो गया। लेकिन लेखपाल की हरकतें बंद नहीं हुई और अब पुरस्कार स्वरूप मुख्यालय का कार्यभार दे दिया गया है। जो मलाईदार क्षेत्र है यहां भी मनकापुर बस अड्डे पर एक भूमि नापने के नाम पर लेखपाल संतोष श्रीवास्तव द्वारा विपक्षी से स्वार्थ सिद्धि की गई और भूमि को कम करके नाप दिया गया जब इसकी शिकायत हुई तो अपने दलाल द्वारा पैसा भी वापस करने का प्रयास किया गया जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।मजे की बात तो यह है कि केवल संतोष श्रीवास्तव ही नहीं जितने भी लेखपाल है अपने–अपने दलाल पाल रखे हैं और उनके माध्यम से निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र संपति प्रमाण पत्र व अन्य किसी तरह से रिपोर्ट लगाने के लिए दलाल लेखपाल के नाम पर वसूली करते हैं ताकि वसूली में लेखपाल सीधे शामिल ना हो, यही नहीं रिपोर्ट भी देखी जाए तो रिपोर्ट केवल लेखपाल का हस्ताक्षर होता है रिपोर्ट की राइटिंग इन दलालो की रहती है।

# पत्नी से नाराज एक जीजा ने ससुराल जाकर साली को मार दिया चाकू

गोंडा मुख्यालय स्थित मझवां जानकीनगर निवासी एक मध्यम परिवार जिसने अपनी दूसरी लड़की की शादी कर्नलगंज के एक गांव में किया था,लेकिन दामाद पत्नी के साथ पास ही में मुख्यालय स्थित इमलिया गुरुदयाल में आकर किराए पर रह रहा था, पति और पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था,पति पत्नी को मारता पीटता और घर से भगा दिया करता था। ऐसे ही उसने पत्नी को मारा पीटा और घर से भगा दिया, तो पत्नी अपने मायके आ गयी। पति बार बार उसको फोन करके बुला रहा था लेकिन पत्नी आई नहीं। फिर क्या हुआ कल शाम पति अजय ससुराल गया और ससुराल में अपने 5 वर्ष के बेटे को खिलाने लगा, इसी बीच पत्नी जब आई तो उससे पूछा क्यों नहीं आई तो पत्नी ने कहा जब बार–बार मार मार कर भगा देते हो तो क्यों आए फिर उसका हाथ पकड़कर चाकू मारने जा रहा था तभी पत्नी की बड़ी बहन रेखा आ गयी तो अजय ने पत्नी की बड़ी बहन रेखा पर चाकू से वार कर दिया।उसके पेट और हाथ में चाकू मारा जिससे वह घायल हो गई शोर–शराबा होने पर पति अजय वहां से भाग गया। रेखा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी है। रेखा की मां कोतवाली में दामाद के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# विद्युत तार की चिनगारी से लगी गेहूं की फसल में आग

## करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

गोण्डा। अचानक विद्युत पोल के पास शार्ट शर्किट से गिरी चिनगारी से खड़ी गेहूं की फसल जल कर हुई राख।

उक्त घटना मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसवरिया में दिन में करीब 1.15 बजे किसान मोहम्मद उमर के खेत के पास गडे विद्युत पोल के पास से अचानक शार्ट शर्किट से गिरी चिनगारी से खड़ी करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

तहसील सदर के अन्तर्गत राजस्व गांव सिसवरिया गांव में दिन में 1–15 बजें उस समय अफरा तफरी मच गई। जब मोहम्मद उमर के खेत के पास स्थित विद्युत पोल के पास विद्युत स्पर्धा घात से अचानक निकली चिंगारी से खडी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई।जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की बिभीसिका ने खडी फसल को अपने आगोश में ले लिया। जिसमें करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

सिसवरिया गांव के ग्राम प्रधान डाक्टर मोहम्मद अनीस ने बताया कि आग की चपेट से जलकर हुई फसल के नुकसान से करीब लाखों रुपए का गेहूं जलकर राख हो गया है। जिसमें गांव के किसान हमीदुद्दीन ,सईद अहमद, मोहम्मद उमर, शमसुदीन,सगीर अहमद,हसउर हुसैन, मुख्तार अहमद समेत आधा दर्जन से ज्यादा किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। पीड़ित मोहम्मद उमर ने बताया कि विधुत स्पर्धा घात की चपेट में आने से हम सभी किसानों की तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। जिससे हम लोगों के परिवार के लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। साथ ही पशुओं की खाने के लिए भूसे व चारा भी जलकर खाक हो गया है। अचानक आग लगने की सूचना पाकर मोतीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मय फोर्स कहोवा चौकी के कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल मृत्यजय कुमार ग्राम प्रधान डाक्टर मोहम्मद अनीस तथा गांव के काफी लोग आग को बुझाने में लगे रहे।बडी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका जब की गांव वालों की सुचना के बाद भी अग्नि शमन की गाडी मौके पर नहीं पहुंच सकी।

# तीन वर्षो से फरार फ्रॉड कंपनी आईविजन का एरिया मैनेजर गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व विवेचना निस्तारण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत कुमारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आईविजन फ्राड कम्पनी का जिम्मेदार अधिकारी लोगों का रूपया जमा कराने वाले एरिया मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए कथित एरिया मैनेजर को पुलिस टीम थाने ले आई। जहां उसके विरुद्ध थाने में पहले से दर्ज विभिन्न आपराधिक मुकदमों के आरोप में थानाध्यक्ष वीर सिंह ने जेल भेज दिया है। बताते चलें कि कुमारगंज थाना के कस्बा कुमारगंज में आई विजन अनी बुलियन कंपनी के नाम से एक फ्रॉड कंपनी खोलकर क्षेत्रवासी लोगों को निवेश करने के उपरांत धन दोगुना करने का झांसा दिया गया था और जनपद ही नहीं आसपास के विभिन्न जनपदों के हजारों निवेशकों का रुपया जमा कराने के उपरांत कंपनी रफूचक्कर हो गई थी। जिसके आरोप में कंपनी के एमडी अजीत गुप्ता सहित आधा दर्जन से अधिक जिम्मेदार पदाधिकारी जेल की सलाखों में निरुद्ध हैं। मामले में कंपनी के एरिया मैनेजर पद पर तैनात युवक लवकुश यादव पुत्र स्व छट्ठीदीन यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम धमथुआ थाना कुमारगंज। कुमारगंज पुलिस को थाने में दर्ज विभिन्न आपराधिक मुकदमों के आरोप में पहले से तलाश थी। मुखबिर खास की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा व उप निरीक्षक कमलेश कुमार तथा उप निरीक्षक अभिषेक सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपी कंपनी के एरिया मैनेजर लवकुश यादव पुत्र स्व छट्ठीदीन यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम धमथुआ थाना कुमारगंज को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले आए। थानाध्यक्ष वीर सिंह ने मुअसं 283/2020 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी व मुअसं 285/2021 धारा 406, 420, 467, 468, 471 आईपीसी के आरोप में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा, उप निरीक्षक कमलेश कुमार तथा अभिषेक सिंह शामिल रहे।

# समर्पण भाव के साथ रक्तदान कर 19 बने महादानी

अयोध्या। रक्तदान एक विशिष्ट दान है जो सभी प्रकार के दानों में सर्वश्रेष्ठ है। रक्तदान से चार व्यक्तियों की जिंदगी एक साथ बचाई जा सकती है । उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक अनिल जी ने सपना फाउंडेशन एवं संघ के सेवा विभाग द्वारा आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में व्यक्त किए। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए संयोजक अनूप मल्होत्रा ने बताया कि संस्था द्वारा समय–समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज का सहयोग किया जाता है आज के शिविर में 19 रक्त दाताओं ने पंजीकरण कराकर अपना संकल्प व्यक्त किया। उक्त अवसर पर संस्था अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश मल्होत्रा ने नगर संघचालक इंजी टी बी सिंह एवं महानगर सह सेवा प्रमुख बालेंदु भूषण को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संस्था के आजीवन सदस्य डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी एवं बृजेंद्र कुमार दूबे ने सभी अतिथियों एवं प्रेरणास्रोत रहे विस्तारक अभीष्ट ,बबिता साहनी,डॉ सोनी शर्मा को अंग वस्त्र प्रदान किया । शिविर में अभिषेक शुक्ला, जितेश के.वी.,अभीष्ट, ध्रुव अग्रवाल ,शिवम द्विवेदी, अभिषेक श्रीवास्तव, बलविंदर यादव, शुभम साहनी, आशीष महेंद्र,रवि शंकर पाठक, सचिन सोनी व प्रकाश मनधयान,रणकेन्द्र सिंह व सर्वेश कुमार तिवारी ने एक एक यूनिट रक्तदान कर महादानी बने। इस अवसर पर नगर कार्यवाह अवधेश,अभिषेक, विशाल,सर्वेश, बुद्धि पाल प्रजापति, वंदना पांडेय अंश कुमार जयसवाल , ध्रुव अग्रवाल, अंशिका सिंह, बबीता साहनी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य इकाइयों में स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

अयोध्या।(आरएनएस ) आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में प्रदेश के सभी विकास खंडों में 18 अप्रैल से विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। 23 अप्रैल तक चलने वाले इन मेलों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस बारे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक अर्पणा उपाध्याय ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजा लिखा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख,कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा आयोजन में दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से बुरे प्रभाव की जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य विभागों के इलाज संबंधी सेवाएं भी मिल सकेंगी। सीएमओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर–संचारी रोगों की रोकथाम आदि प्रमुख हैं। सीएमओ ने जनपद वासियो से अपील की है कि स्वास्थ्य मेले में अधिक से अधिक लोग आ कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले द्य स्वास्थ्य मेले के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी । उन्होंने यह भी बताया कि मेले का शुभारंभ जनपद के जनप्रतिनिधियों (सांसद व विधायक) के द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को पूरा बाजार व हारिंग्टनगंज में , 19 अप्रैल को मवई व मिल्कीपुर में, 20 को मसौधा व तारुन में , 21 को मयाबाजार व सोहावल में , 22 को रूदौली में तथा 23 अप्रैल को बीकापुर व अमानीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मेला का आयोजन होगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग, सहायक आयुक्त खाद्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष, शिक्षा, सूचना एवं प्रसार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग विभाग, आयुष्मान भारत के स्टाल लगेंगे।

# आपसी वाद विवाद में युवक को पीट

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में एक कार्यक्रम के दौरान आपसी वादविवाद को लेकर कहासुनी के बाद एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष के एक युवक को जमकर मारापीटा। जिसमे युवक को काफी चोटे आई और उसका एक हाथ भी टूट गया। मामले में पीड़ित युवक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन युवक को नामजद करते हुए केस दर्जकर विवेचना एसआई संजीव कुमार को सौंपते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।पुलिस को दिए गए तहरीर के मुताबिक गोसाईंगंज कस्बे के निवासी मोहित गुप्ता पुत्र हनुमान प्रसाद का आरोप है कि रात्रि में कसौधन समाज द्वारा दशरथ वाटिका में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम था।जिसमे वह मौजूद था।अचानक किसी बात को लेकर विपक्षी रंजीत गुप्ता, सुमित गुप्ता ने उसे भद्दी भद्दी गालियां देने लगे।जब उसने इसका विरोध किया तो विपक्षी मिलकर लात,घूँसों,डंडे व बगल में पड़े कुर्सी से मारने लगे।जिससे उसको काफी चोटे आई और उसका दाहिना हाथ टूट गया।एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक पीड़ित के तहरीर पर सुमित गुप्ता, रंजीत गुप्ता,व शिवा गुप्ता पुत्र गण जयप्रकाश गुप्ता निवासी अज्ञात के खिलाफ मु0अ0स091/22धारा323,504,506 आईपीसी ऐक्ट के तहत केस दर्जकर एक आरोपी शिवा गुप्ता को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# असमाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की डॉ अम्बेड़कर की प्रतिमा, मचा हडकम्प

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत कुछ असमाजिक तत्वों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे हडकम्प मच गया। पुलिस ने नई प्रतिमा स्थापित करा मामले को शांत किया है। थान नसीरपुर क्षेत्र के गांव केशरी में 14 अप्रैल गुरूवार को को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेड़कर की जयंती धूमधाम से मनाय गई थी। बताया जाता है कि शाम को केक काटने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गये और विवाद व मारपीट हुई थी। गुरूवार की रात्रि में किसी ने डॉ भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। .ग्रामीणों ने जव बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो वह सन्न रह गये। जानकारी होते ही मौके पर भारी संख्या में अम्बेड़कर अनुयाईयों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नसीरपुर गगन गौड़ व अन्य थानों की पुलिस के साथ सीओ कमलेश कुमार, तहसीलदार लालता प्रसाद आदि मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को समझाबुझाकर शांत किया। प्रशासन ने.. को तत्काल नई प्रतिमा को स्थापित कराया है। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। इस सम्बंध में सीओ कमलेश कुमार का कहना है कि असमाजिक तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। नई प्रतिमा को स्थापित कराया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# आरएसएस के पथ संचलन में दिखा अनुशासन

मिल्कीपुर–अयोध्या। बैशाखी के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विष्णु नगर हैरिंग्टनगंज में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। जगह–जगह लोगों ने पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का स्वागत किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिदुत्व पर बल दिया। ग्रामीण जिला प्रचारक शैलेंद्र ने कहा कि हिदुओं को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक वर्षों से अपनी भूमिका का निर्वहन करता आ रहा है। देश और हिन्दुत्व दोनों की रक्षा के लिए युवाओं का आरएसएस से जुड़ना अति आवश्यक है। यह पथ संचलन देश हित और समाज में एकता का संदेश देने के लिए निकाला जाता है। वर्तमान समय में समूचा राष्ट्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आशा भरी नजरों से देख रहा है। खण्ड कार्यवाह महेश ने कहा कि ने प्रत्येक स्वयंसेवक को मातृभूमि के गौरव के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। हम हिन्दू और हिन्दूराष्ट्र के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहें। यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए लोग उत्सुक दिखाई दिए। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों ने बताया की विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है।जो अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में विविध क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। यही एक ऐसा संगठन है जो भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण जिला प्रचारक अयोध्या शैलेंद्र, विष्णु नगर खण्ड कार्यवाह महेश, ग्राम प्रधान पलिया लोहानी अभिषेक भद्र सिंह, ग्राम प्रधान बसवार कला अशोक तिवारी, खण्ड कार्यवाह पलिया लोहानी गिरजा प्रसाद तिवारी, दिवाकर, आनंद, मानस मणि त्रिपाठी, आशीष राय, रोहित सिंह, अनुराग सिंह, राम यज्ञ गोस्वामी, रमाशंकर, मनीष, दिवाकर चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# क्षमतावान फसले किसानों के लिए वरदानः डा. एच.एन.रैगर

## कृषि वैज्ञानिको ने विवि परियोजना की गतिविधियों का किया अवलोकन

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, में चल रही अखिल भारतीय समन्वयित क्षमतावान फसल अनुसधान नेटवर्क के तहत लगी फसलो के निरीक्षण एवं परियोजना की गतिविधियों के अवलोकन हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्ति वैज्ञानिक डा. एच.एन.रैगर, राष्ट्रीय परियोजना समवन्यक ने विश्वविद्यालय के अन्य सम्बन्धित वैज्ञानिकों जैसे डा.एस.सी. विमल, विभागाध्यक्ष,अनुवांशिकी पादप एवं प्रजनन विभाग,संयुक्त निदेशक, बीज एवं प्रक्षेत्र, डा. शिवनाथ, चना परियोजना प्रभारी, डा. सुभाष चन्द्रा, एवं डा. रमेश चन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक, पादप रोग विज्ञान विभाग तथा अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने परीक्षणो का बारीकी से आकलन किया। इस परिपेक्ष्य में डा. रैगर ने क्षमतावान फसलों की महत्वता पर भी अपने विचारों का आदान–प्रदान किया। डा. रैगर ने बताया कि मानव आहार में अगर क्षमतावान फसलों जैसे रामदाना, इमेरेथस, बथुवा (चिनोपोडियम), बिंग्डवीन एवं चिया सीड आदि फसलो को समुचित मात्रा में सामिल किया जाता है तो उत्तर प्रदेश ही नहीं देश से कुपोषण की समस्या को आसानी से हल किया जा सकता है। क्योकि इन फसलों में अन्य फसलो जैसे गेहू, जौ, चना, चावल एवं दालों की तुलना में उपयोगी प्रोटीन, अमीनो एसिड एवं खनिज लवणो की मात्रा प्राकृतिक रूप से अधिक पायी जाती है साथ ही राष्ट्रीय समन्वय ने यह भी बताया कि इन फसलो के किसानों द्वारा उगाये जाने पर बाजार भाव अच्छा होने से अच्छा मूल्य मिलेगा जिससे किसानों की आमदनी को आसानी से दुगुना किया जा सकता है। इन फसलों के उगाये जाने के लिए भारत सरकार भी किसानों को खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने में तकनीकी एवं आर्थिक रूप से हर सम्भव मदद करेगी।

# पुरातन छात्र सम्मेलन सम्पन्न

गोसाईगंज–अयोध्या। शिक्षा क्षेत्र मया के कम्पोजिट विद्यालय बीरशाहपुर पर पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रामकृष्ण वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन सुनील कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि पंकज सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्रा श्रेया वर्मा, सपना व सोनाक्षी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, अनुपम पाल, कीर्ति, आकांक्षा व रूपम पाल ने स्वागत गीत व विद्यालय की छात्र छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजू गुप्ता ने पुरातन छात्र सम्मेलन के उद्देश्य और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सभी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर रामजीत गौतम, राजदेव पाल, शशि तिवारी, रुचि वर्मा, राजेश तिवारी, अनुराग वर्मा, विनीता वर्मा, नन्हू प्रसाद वर्मा सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# इंजीनियर के घर लाखों की चोरी

कानपुर। पनकी क्षेत्र अंतर्गत शताब्दी नगर में इंजीनियर के खाली घर का फायदा उठाकर चोरों ने तीन लाख का माल पार कर दिया। पड़ोसी की सूचना पर घर पहुंचे पीड़ित में पनकी थाने में तहरीर दी। प्रवीण कुमार दूरदर्शन में इंजीनियर हैं। कुछ दिनों से वह मां निर्मला के साथ प्रयागराज में रह रहे थे। रात पड़ोसी की सूचना पर प्रवीण अपने घर पहुंचे तो मकान में पूरा सामान अस्त–व्यस्त पड़ा था। चोरों ने दरवाजों और अलमारियों के लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने–चांदी के गहने,माइक्रोवेव,कपड़े समेत तीन लाख का माल पार कर दिया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे लोगो तक पहुचाने का संकल्प लिया: जगदम्बिका पाल









दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे 14 दिवसीय सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को सांसद जगदम्बिका पाल ने कदवा बाजार में मोदी एवं योगी के जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे लोगो तक पहुचाने का संकल्प लिया। गनरेगा में काम कर रही महिलाओ साडी देकर उनका सम्मान कर आये हुए लाभार्थियों से संवाद किया। लाभार्थियों से संवाद में सांसद ने कहा कि कोरोना महामारी शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अप्रैल 2020 में गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी। सांसद ने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 80 करोड़ लाभार्थी को उसके सामान्य कोटे के अलावा प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन मोदी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को दोगुना राशन मिल रहा है। मार्च 2022 तक 759 लाख टन अनाज का वितरण लोगों के बीच किया चुका है। मार्च 2022 से बढ़ाकर सितंबर 2022 कर दिया गया है। इसके लिए 244 लाख टन अनाज आवंटन को स्वीकृति भी दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अप्रैल 2020 से लेकर इस साल मार्च तक केंद्र सरकार 2.60 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना पर सांसद ने कहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के कारण आरंभ किया गया था। इस योजना के माध्यम से सभी लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाता है। सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना से गरीब पांच तक के इजाज फ्री में करवा सकता है। लोगो को कोरोनारोधी टीका मुफ्त लगाव रही हैं। पीएम किसान सम्मान निधि किसानों को मिल रहा है। श्रम कार्ड से भी लाभ लोगो को मिल रहा है। ऐसे कई जनकल्याणकारी योजनाएं है। जो हर तबके के लोगो को सीधे लाभ मिल रहा हैं। इस दौरान रमेश मणि त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, शिवाकांत त्रिपाठी, पद्माकर शुक्ल, प्राधन कालीचरण, संजय सिंह, अभिषेक सिंह, धनंजय सिंह, अनिल अग्रहरि सहित आदि लोग मौजूद रहे।

*दैनिक बुद्ध का संदेश*

*सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ शनिवार को एक कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट का चिल्हियां थाने बगल सांसद जगदम्बिका पाल ने फीता काट किया उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा आज के समय में है बेहद जरूरी हैं। कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट सेंटर से कम्प्यूटर सीखने के लिए चिल्हिया क्षेत्र के छात्र–छात्राओं एक सुनहरा अवसर है। इस दौरान शिवाकांत त्रिपाठी, पद्माकर शुक्ल, धनन्जय सिंह, शैलेन्द्र श्रीनेत उर्फ शैलू सिंह, गोरखपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अरुणेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।*

# संजीव रंजन बने जनपद के 42वें जिलाधिकारी

## जनपद को नवीन ऊंचाईयों पर पहुँचाना मेरी प्राथमिकता: संजीव रंजन







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में 42 वें जिलाधिकारी के रूप में संजीव रंजन ने जनपद सिद्धार्थनगर के कोषागार के डबल लाक में चार्ज लिया। कोषागार के डबल लाक का चार्ज ग्रहण करते समय मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, उपजिलाधिकारी नौगढ़ विकास कश्यप, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रदीप कुमार, बांसी प्रमोद कुमार, इटवा अभिषेक पाठक, शोहरगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव, अपर उपजिलाधिकारी सन्त कुमार, तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट सूर्यलता श्रीवास्तव, ओ.एस.डी. जिलाधिकारी पी0के0सिंह, आर.ए. रवीन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य रोकड़िया कोषागार जय प्रकाश श्रीवास्तव, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट गिरीश चन्द्र मिश्रा तथा अन्य कर्मचारी व अधिकारी आदि उपस्थित थे।



कोषागार के डबल लाक का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने वरिष्ठ कोषाधिकारी के कक्ष में प्रेस प्रतिनिधियों को अपना परिचय देते हुये बताया कि वर्ष 2013 बैच में आई0ए0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण की गयी, मूलतः बिहार के रहने वाले है। इससे पूर्व ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट कुशीनगर, सी0ई0ओ0 गीडा गोरखपुर, मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर तथा जिलाधिकारी सम्भल के रूप में कार्य कर चुका हूँ। उन्होने जानकारी देते हुये बताया कि नयी सरकार का गठन हुआ है सरकार द्वारा प्रत्येक विभाग को 100 दिन की बनी कार्ययोजना को पूर्ण कराना प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ तथा अन्य नयी योजनाओ में जनपद सिद्धार्थनगर सबसे आगे रहे। राजस्व वसूली को बढ़ाने भी लक्ष्य होगा। निवर्तमान जिलाधिकारी द्वारा शुरू कराये गये कार्यो को आगे बढ़ाना तथा जनपद को नवीन ऊंचाईयों पर पहुॅचाना मेरी प्राथमिकता होगी। मेरे द्वारा शासन के मंशानुरूप जनपद में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विकास कार्यक्रमों को फोकस देकर प्रथम प्राथमिकता होगी।

# हनुमान जयंती के अवसर पर संकटमोचन धर्मशाला का हुआ उदघाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर विधायक श्याम धनी राही और चेयरमैन







श्याम बिहारी जयसवाल के कर कमलों से नौगढ़ कस्बे में संकट मोचन हनुमान गढ़ी मंदिर पर संकटमोचन धर्मशाला का हनुमान जन्मोत्सव के दिन विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में रामचंद्र बजाज ,मुन्ना लाल बजाज, विजय कसौधन, मनोहर, दीनानाथ अग्रहरी, मंगल अग्रहरी, सुनील अग्रहरी, प्रदीप अग्रहरि, विनोद अध्यापक आदि गणमान्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्याम बिहारी जयसवाल ने बताया कि इस धर्मशाला के बन जाने से गरीब और मध्यवर्ग दोनों को एक प्रकार से विवाह घर की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां का न्यूनतम शुल्क 2100 है उसको अदा करके 1 दिन के लिए कोई भी अपनी पारिवारिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कर सकते हैं। इस धर्मशाले पर 2 हॉल, दो कमरे और 10 शौचालय हैं बने हैं। यह संकटमोचन धर्मशाला विवाह घर के रूप में शुभ मंगलम बैंक्विट हॉल को भी जोड़ने का काम करेगी। सदर विधायक श्याम धनी राही ने बताया कि चेयरमैन श्याम बिहारी जयसवाल ने वह कर दिया जो अब तक किसी भी चेयरमैन ने सोचा नहीं था पांच शादी विवाह घर, 10 पोखरा का सुंदरीकरण, चार पार्कों की स्थापना, डोम राजा का पुल, घाट का सुंदरीकरण ऐसे न जाने कितने काम है जो किसी भी शहर में एक सपना होता है इस सपने को हकीकत कर चेयरमैन साहब ने सपने को हकीकत कर दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत बड़गो का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड–नौगढ़ के ग्राम पंचायत–बडगो में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे चकरोड पटाई का औचक निरीक्षण किया गया। ग्राम बडगो में सोविन्द के खेत से भडेहरग्राण्ट तक कृषि कार्य हेतु मिट्टी पटाई कार्य। जिसकी स्वीकृत लागत रू. 1.99 लाख है। मस्टरारोल के अनुसार मौके पर 40 श्रमिक नियोजित किये गये थे, मौके पर सत्यापन में मस्टररोल में नियोजित श्रमिक उपस्थित पाये गये। मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम से सभी की उपस्थिति दर्ज करायी गयी थी। उपस्थिति ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि ग्राम के लोगों द्वारा कार्य किया जा रहा है। कार्यस्थल पर श्रमिकों में से श्रीमती आशा, राजेन्द्र एवं श्रीमती मीरा से वार्तालाप किया गया। ग्राम पंचायत में तालाब के सुन्दरीकरण हेतु प्रस्तावित तालाब का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थित उपायुक्त, श्रम–रोजगार को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक तालाबों के सुन्दरीकरण कराते हुए पानी भराना सुनिश्चित करें। जिसस गर्मियों में पशु एवं ग्रामवासियों को सुविधा हो सके। ग्राम में भ्रमण कर शासकीय योजनाओं से सम्बन्धित समस्यों की जानकारी प्राप्त की गयी।







# मानव तस्करी की रोकथाम के लिये पुलिस लाइन मे कार्यशाला का आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मानव तस्करी की रोकथाम हेतु शनिवार पुलिस लाइन स्थित सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिद्धार्थनगर पुलिस व मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ हरीश चंद्र सहित समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, एव एसएसबी के सभी बीओपी से जवान मौजूद रहे। कार्यशाला में मानव तस्करों के हर तौर–तरीके के साथ–साथ सीमा पर नागरिकों को मानव तस्करी के खिलाफ प्रेरित करने के बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मानव सेवा संस्थान सेवा के निदेशक राजेश मणि ने बताया कि मानव तस्करी को कई तरीके से बदल बदल कर तस्करों द्वारा किया जाता है। फर्जी प्लेसमेंट एजेंसियां भी कुछ है जो टूरिस्ट वीजा देकर लोगो को बेवकूफ बना कर उन्हें विदेश भेज देती है जिससे वे फस जाते है। मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, इसमें कई कड़िया होती हैं। मानव तस्करी का शिकार अधिकतर जागरूकता की कमी के कारण



लोग होते है। इसी तरह से बच्चों को तस्करी कर उन्हें बालमजदूरी के लिए प्रयोग किया जाता है। कोविड के दौरान एन एच आर सी के रिपोर्ट के अनुसार 27 लाख कॉल महिला व बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर पर आए। जिसमें कई केश ह्यूमन ट्रैफकिंग के निकले इस तरह से हम देख सकते हैं कि आपदा जैसी परिस्थितियों में भी मानव तस्कर अपना स्वरूप बदल कर तस्करी करने से नही चूकते। इस लिए हम सब को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस संगठित अपराध को रोकने के लिए सहयोगी एजेंसियों के सहयोग से पूरा प्रयास करना चाहिए। बहुत से केश में रात हो जाती है ऐसे केस में जिले में वन स्टाप सेंटर को क्रियाशील होना चाहिए। बहुत से केस में स्कूल ड्रेस में बच्चों को एडमिशन का बहाना बनाकर तस्करी किया जाता है जो कि काउंसलिंग से पता चलता है। ऐसे लोगो को रोकने के काउंसलिंग किया जाता है, केस फाइंड होने पर एसएसबी एव पुलिस की मदद से कार्यवाही की जाती हैं। सिद्धार्थनगर जिले के तीन सीमा ककरहवा, खुनुवा, बढ़नी पर मानव सेवा संस्थान सेवा लगातार मानव तस्करी को रोकने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ हरीश चंद्र ने कहा कि सभी बाल कल्याण अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मानव तस्करी पर लगाम लगाए। मानव तस्करी से सम्बंधित यदि कोई केस रहे तो इसकी सूचना एएचटीयू एव सीडब्लूसी को प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराएं। मानव सेवा संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर रेहन सेन नेसभी को प्रोजेक्टर के माध्यम से मानव तस्करी के केशो को डिफाइन करते हुए इसे रोकने के तरीके बताए। इस दौरान एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, यूनिसेफ से नीरज शर्मा, सीडब्लूसी से प्रकाशिनि श्रीवास्तव, प्लान इंडिया से प्रसून शुक्ला, मानव सेवा संस्थान सेवा के केंद्र प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता, गोमा वीसी, राम नरेश यादव, बाल कल्याण अधिकारी धर्मेन्द्र यादव, डीके प्रजापति, शिव नरायन सिंह शित्वसभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी एव एसएसबी के समस्त बीओपी से जवान मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायाता

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज नगर पंचायत में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जी की झांकी एवं गाजे–बाजे के साथ पूरे नगर पंचायत में शोभा यात्रा भ्रमण कराई गई। शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष के भावी प्रत्याशी पंडित राकेश शास्त्री ने कहा आज हनुमान जयंती है आज का दिन बहुत ही शुभ है इस पावन अवसर पर हम सभी वीर बजरंग बली की शोभायात्रा निकाल रहे हैं जो कि माली मैनहा से शुरू होकर डुमरियागंज नगर पंचायत भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान स्थित मंदिर पर पहुंचेगी। इस अवसर पर मगन पांडेय, पंडित राजन शास्त्री, आशीष मिश्रा, भोला सोनी, विवेक मिश्र, सुनील सोनी, कन्हैया लाल सोनी, कृष्ण नन्दन सोनी, गोलू सोनी, सूरज सोनी, कमलेश दूबे, अरविन्द सोनी, विशाल सोनी, आशीष मोदनवाल, रवि अग्रहरि, आकाश गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, गंगा गौड़, गणेश, दीपक अग्रहरि, गुड्डू अग्रहरि, संतोष सोनी, आलोक तिवारी, निक्कू यादव, सुनील यादव आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

**जयशंकर का अभिप्राय था कि अमेरिका की नीति श्पर उपदेशकुशल बहुतेरेश्च की नीति है। जहां तक रूसी एस–400 प्रक्षेपास्त्रों की खरीद का सवाल है, उस विवादास्पद मुद्दे पर भी जयशंकर ने दो–टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह पाबंदी का अमेरिकी कानून है। इसकी चिंता अमेरिका करे कि वह किसी खरीददार ...**

## अमेरिका को झुकाया भारत ने

यूक्रेन के बारे में भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ता ही चला जा रहा था और ऐसा लग रहा था कि हमारे रक्षा और विदेश मंत्रियों की इस वाशिंगटन–यात्रा के दौरान कुछ न कुछ अप्रिय प्रसंग उठ खड़े होंगे लेकिन हमारे दोनों मंत्रियों ने अमेरिकी सरकार को भारत के पक्ष में झुका लिया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण वह संयुक्त विज्ञप्ति है, जिसमें यूक्रेन की दुर्दशा पर खुलकर बोला गया लेकिन रूस का नाम तक नहीं लिया गया। उस विज्ञप्ति को आप ध्यान से पढ़ें तो आपको नहीं लगेगा कि यह भारत और अमेरिका की संयुक्त विज्ञप्ति है बल्कि यह भारत का एकल बयान है।



भारत ने अमेरिका का अनुकरण करने की बजाय अमेरिका से भारत की हां में हां मिलवा ली। अमेरिका ने भी वे ही शब्द दोहराए, जो यूक्रेन के बारे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहता रहा है। दोनों राष्ट्रों ने न तो रूस की भर्त्सना की और न ही रूस पर प्रतिबंधों की मांग की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यह मांग जरुर की कि दुनिया के सारे लोकतांत्रिक देशों को यूक्रेन के हमले की भर्त्सना करनी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन की जनता की दी जा रही भारतीय सहायता का भी जिक्र किया और रूस के साथ अपने पारंपरिक संबंधों का भी! ब्लिंकन ने भारत–रूस संबंधों की गहराई को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार भी किया। भारत प्रशांत–क्षेत्र में अमेरिकी चौगुटे के साथ अपने संबंध घनिष्ट बना रहा है। इस यात्रा के दौरान दोनों मंत्रियों ने अंतरिक्ष में सहयोग के नए आयाम खोले, अब अमेरिकी जहाजों की मरम्मत का ठेका भी भारत को मिल गया है और अब भारत बहरीन में स्थित अमेरिकी सामुद्रिक कमांड का सदस्य भी बन गया है। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत में मानव अधिकारों के हनन का सवाल भी उठाया। जयशंकर ने उसका भी करारा जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि पहले बताइए कि आपके देश में ही मानव अधिकारों का क्या हाल है? अमेरिका के काले और अल्पसंख्यक लोग जिस दरिद्रता और असमानता को बर्दाश्त करते रहते हैं, उसे जयशंकर ने बेहिचक रेखांकित कर दिया। जयशंकर का अभिप्राय था कि अमेरिका की नीति श्पर उपदेशकुशल बहुतेरेश्च की नीति है। जहां तक रूसी एस–400 प्रक्षेपास्त्रों की खरीद का सवाल है, उस विवादास्पद मुद्दे पर भी जयशंकर ने दो–टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह पाबंदी का अमेरिकी कानून है। इसकी चिंता अमेरिका करे कि वह किसी खरीददार पर पाबंदिया लगाएगा या नहीं? यह हमारी चिंता का विषय नहीं है। जयशंकर पहले अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। उन्हें उसकी विदेश नीति की बारीकियों का पता है। इसीलिए उन्होंने भारत का पक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने में कोई कोताही नहीं बरती।

## प्रतीक काम नहीं आते

हाल के दशकों में कम्युनिस्ट पार्टियां इस आलोचना से बचाव की मुद्रा में रही हैं कि उन्होंने दलित जातियों को नेतृत्व का हिस्सा नहीं बनाया। तो अब यह कमी दूर करने की कोशिश हो रही है। लेकिन यह एक तरह का प्रतीकात्मक कदम है। राजनीति में प्रतीकों का महत्त्व होता है, लेकिन वे दूर तक काम नहीं आते।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 23वें अधिवेशन की जिस बात ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी, वह यह है कि पार्टी के इतिहास में पहली बार एक दलित नेता को पार्टी की सर्वोच्च संस्था यानी पोलित ब्यूरो का सदस्य बनाया गया है। रामचंद्र डोम पश्चिम बंगाल से पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। सात बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन पोलित ब्यूरो में अब जगह मिली है। उस समय जब पार्टी दिग्भ्रमित अवस्था में नजर आती है। हाल के दशकों में कम्युनिस्ट पार्टियां इस आलोचना से बचाव की मुद्रा में रही हैं कि उन्होंने दलित जातियों को नेतृत्व का हिस्सा नहीं बनाया। तो अब यह कमी दूर करने की कोशिश हो रही है। लेकिन यह एक तरह का प्रतीकात्मक कदम है। राजनीति में प्रतीकों का महत्त्व होता है, लेकिन वे दूर तक काम नहीं आते। इसलिए कि असर किसी राजनीति में कंटेन्ट नहीं है, तो ऊपरी दिखावा कारगर नहीं होता। सीपीएम के सामने असल समस्या उस कंटेन्ट को तलाशने की है, जिसके अभाव के कारण उसका जनाधार क्षीण होता गया है। ये बात लगभग पूरे भरोसे से कही जा सकती है कि वह कारण पहचान की प्रतीकात्मक राजनीति नहीं है।

बहरहाल, 23वीं पार्टी कांग्रेस में सीताराम येचुरी को लगातार तीसरी बार पार्टी का महासचिव चुना गया। पोलित ब्यूरो पार्टी की सर्वोच्च संस्था है। हर तीन साल पर होने वाली पार्टी कांग्रेस के बाद 85 सदस्यीय केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य चुनती है। 63 साल के रामचंद्र डोम पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और सात बार सांसद रह चुके हैं। वो पेशे से एक डॉक्टर हैं। वे पार्टी के मर्ज का कैसा इलाज प्रस्तुत करेंगे, यह देखने की बात होगी। बहरहाल, सीपीएम की हकीकत यह है कि सिकुड़ते हुए अब वह सिर्फ केरल में सत्ता में रह गई है। लोक सभा में इसके सिर्फ तीन सदस्य हैं। राज्य सभा में सिर्फ पांच। पश्चिम बंगाल में पार्टी कभी लगातार 34 सालों तक सत्ता में रही। लेकिन आज हाल ये है कि राज्य की विधान सभा में पार्टी का एक विधायक तक नहीं है। दूसरे राज्यों में भी पार्टी का जनाधार सिमटता जा रहा है। खुद येचुरी ने माना है कि भारत की आजादी के बाद पार्टी इस समय सबसे चुनौतीपूर्ण हालात का सामान कर रही है। तो पार्टी के नेतृत्व के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि वह कैसे एक बार फिर पार्टी मतदाताओं के सामने आकर्षक विकल्प पेश करे।

## श्रीलंका में त्राहि-त्राहि

**बेकाबू महंगाई और किल्लत से त्रस्त लोग राष्ट्रपति गोतेबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। आंसू गैस और पानी की बौछारों के बाद पुलिस ने गोलियां दागीं और रात का कर्फ्यू लगा दिया। गोलीबारी में दस लोग आहत हुए। अजित निशांत के अनुसार प्रदर्शनों का यह सिलसिला अभी और गति पकड़ेगा। श्रीलंका का यह संकट अभूतपूर्व और भयावह है। इस विषम वेला में श्रीलंका को सबसे बड़ा आसरा ...**

डॉ. सुधीर सक्सेना

शरत कोनगहगे श्रीलंका की जानी–मानी शख्सियत हैं, राजनीतिज्ञ, वकील, राजनयिक, मीडियाकर्मी और ख्यातिलब्ध सलाहकार। वे राष्ट्रपति और मंत्रालयों के सलाहकार रहे, सांसद रहे, श्रूपवाहिनीय के चेयरमैन रहे, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में राजदूत और दक्षिण अफ्रीका में उच्चायुक्त रहे। संप्रति वे दुरूखी हैं। रूपये के अबाध अवमूल्यन और फोरेक्स–भंडार में अभूतपूर्व कमी ने जरूरी चीजों के अभाव की स्थिति उत्पन्न कर दी है। सड़कों पर बसों और गाडियों के चक्के थम गये हैं। जिसों की कीमतें आसमान छू रही है। सुभाषिणी रत्नायका विश्वविद्यालय में शिक्षिका हैं। वे बताती हैं कि हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं और जीवन कठिन से कठिनतर। राजधानी कोलंबो में स्थिति विकराल होते देख वे कोलंबो से सुदूर कैंडी चली गई हैं, जहां उनके पति का घर और खेती–बाड़ी है। बताती हैं कि हालात सर्वत्र चिंताजनक हैं। शहरों में 12 से 15 घंटे बिजली कटौती हो रही है। स्ट्रीट लाइटें गुल हैं। न तो सरकारी बिजली संस्थानों के पास ईंधन है और न ही निजी परिवहन कंपनियों के पास। कीमतों में आग लगी हुई है। श्रीलंका अपने इतिहास के भयावहतम पॉवरकट से गुजर रहा है। सभी 20 विद्युतजोनों में बिजली कटौती का ऐलान किया गया है। दुकानों में दवाओं का अभाव है। हालात का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि अस्पतालों में भर्ती और ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं। जीना इस कदर मुहाल है कि पूछिये मत। एक लिटर पेट्रोल की कीमत 254 रुपये है, जबकि एक लिटर दूध 263 रुपये में बिक रहा है। डबलरोटी के लिए डेढ़ सौ रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। चीनी की कीमत 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच रही है। चावल 500 रुपये प्रति किलो है तो मिर्च 700 रुपये के पार। आलू 200 रुपये किलो है। करीब एक हजार बेकरियां बंद हो गई हैं। आप श्रीलंका में हैं तो यकीनन खुशकिस्मत कहे जायेंगे यदि आपको सौ रुपया खर्च कर एक प्याली चाय मिल जाये। अजित निशांत वरिष्ठ पत्रकार हैं। कोलंबो और दिल्ली में उनसे मुलाकातें हुईं। अब फोन पर बात हुई तो उन्होंने हादसे की पूर्वपीठिका समझाने की कोशिश की। यह स्थिति रातोंरात उत्पन्न नहीं हुई है। राजपक्षे सरकार ने स्थितियों से निपटने में कोताही बरती। हंबनटोटा का जिक्र न भी हो तो भी चीन व अन्य देशों से भारी ऋण लिया गया। परिणामतरू फोरेक्स भंडार में 70 फीसद से अधिक गिरावट आई। अब श्रीलंका के पास मात्र 2.36 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा बची है, जबकि करीब तीन साल पहले विदेशी मुद्रा भंडार 7.5 बिलियन डॉलर था। अब उसके पास ब्याज और कर्ज को चुकाने के लिए पैसा नहीं है। जरूरी चीजों का आयात करें तो कैसे करें? श्रीलंका सुंदर और सुरम्य द्वीप है, भारत का सदाशयी पड़ोसी। निर्गुट आंदोलन में भारत का साथी। इतना साफ–सुथरा कि आप विस्मय–विमुग्ध हो उठें। पुलिन (समुद्र तट) लुभाते हैं। रंग और स्वाद की उम्दा चाय के बागान और गरम मसालों की मह–मह खेती श्रीलंका का वैशिष्ट्य हैं। अपने प्रतापी राजवंशों, राजधर्म और संस्कृति के लिए श्रीलंका भारत का ऋणी है। दोनों देशों को समुद्र जोड़ता है। ऐसे श्रीलंका को लगता है कि किसी की नजर लग गयी है। अजित निशांत कहते हैं–श्शपरिस्थितियों के बिगडने में कोविड महामारी का भी बड़ा हाथ है। इसने खेती–बाड़ी और कारोबार तो प्रभावित किया ही, पर्यटन का भी सत्यानाश कर दिया। पर्यटन श्रीलंका में विदेशी मुद्रा की कमाई का बड़ा स्रोत था। इससे करीब 20 लाख लोग जुड़े थे और सालाना करीब 5 अरब डॉलर की आय होती थी। चिंतनीय स्थितियों का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि एजुकेशनल बोर्ड के पास कागज–स्याही नहीं है, लिहाजा उसने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अखबारों की छपाई भी बंद है।य्य

श्रीलंका की आबादी दो करोड़ 20 लाख के आसपास है। लंबे समय तक वह अशांत और गृहयुद्ध से ग्रस्त रहा है। इसमें शक नहीं कि गोतबाया राजपक्षे के सत्ता में आने के बाद अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी है। यह भी निर्विवाद है कि यह राजपक्षे–परिवार के वर्चस्व का दौर है। राजनीति और व्यापार–वाणिज्य में परिवार की तूती बोलती है। भाई महिंदा प्रधानमंत्री हैं। एक अन्य भाई बासिल वित्तमंत्री और एक अन्य विपुल खेलमंत्री। इस राजवंश का प्रादुर्भाव और प्रभुत्व अलग कथा का विषय है, किन्तु दो–मत नहीं कि राजपक्षे परिवार सिंहली राष्ट्रवाद और राजपक्षे–परिवार की लौह–छवि तथा देश की समृद्धि के सब्जबाग के बूते सत्ता में आया है। श्रीलंका में बरसों रहे एक राजनयिक ने बताया कि विक्रमसिंघे की तमिलों के प्रति नरम–नीति को बहुसंख्यक सिंहली जनता पसंद नहीं करती थी। इसी भावनात्मक ज्वार ने सत्ताच्युत राजपक्षे परिवार की एक बार फिर लॉटरी खोल दी। सन् 2019 में कोलंबो के सीरियल ब्लास्ट ने उनके समर्थन का ईंधन जुटाया। बहरहाल, श्रीलंका का रूपया आज अपने न्यूनतम स्तर पर है। आज एक डॉलर के लिए आपको वहां 318 रुपये चुकाने होंगे। भारत में यही विनिमय दर 76, पाकिस्तान में 182, मारीशस में 45 तथा नेपाल में 121 है। श्रीलंका गत अप्रैल तक 32 अरब डॉलर का विदेशी ऋण ले चुका था। टेंट में रकम नहीं है, जबकि उसे जुलाई तक एक अरब और आगामी कुछ माह में 7 अरब डॉलर से अधिक की रकम चुकानी है। उसे 10 अरब डॉलर का सालाना व्यापारिक घाटा होने का अनुमान है। चीन से कर्ज की शर्तों और हंबनटोटा बंदरगाह के भविष्य को लेकर भी आशंकाओं का बाजार गर्म है। यह इन्हीं विषम परिस्थितियों का दुष्परिणाम है कि गुरूवार 31 मार्च की रात्रि को सैकड़ों लोगों की क्षुब्ध भीड़ ने मिरिहान की ओर रुख किया और राष्ट्रपति के निजी निवास को घेर लिया।

## महंगाई का राजनीति महत्व समाप्त!

**यह बहुत बड़ा वर्ग है, जिसे राजनीतिक शब्दावली में लाभार्थी कहा जा रहा है। यह सही है कि इस तरह के जीवन में सम्मान नहीं है, लेकिन सवाल है कि सम्मान का लेकर भी क्या करेंगे, अचार डालेंगे? सो, महंगाई है तो है लेकिन सरकार उससे ज्यादा बड़े मुद्दों पर काम कर रही है इसलिए महंगाई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस मुद्दे पर चुनावी हार–जीत नहीं हो सकती है। अगर कोई तृणमूल कांग्रेस या आम ...**

अजीत द्विवेदी

जिस तरह हर वस्तु और विचार की एक्सपायरी डेट होती है उसी तरह राजनीतिक मुद्दों के साथ भी होता है। एक समय आता है, जब राजनीतिक मुद्दे, नारे आदि एक्सपायर हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि उन मुद्दों का आम आदमी के जीवन में महत्व खत्म हो जाता है। उनका महत्व रहता है और यह भी संभव है कि महत्व ज्यादा हो जाए, फिर भी उसकी राजनीतिक प्रासंगिकता खत्म हो जाती है। जैसे अभी महंगाई की हो गई है। एक जमाने में महंगाई का मुद्दा सबसे बड़ा होता था। 1977 में बनी देश की पहली गैर कांग्रेस सरकार भले नेताओं के आपसी कलह से गिरी थी, लेकिन उस सरकार के चुनाव हारने में सबसे बड़ा मुद्दा महंगाई का था। दिल्ली में 1998 में प्याज का 60 रुपए किलो बिकना सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा था और इस मुद्दे पर भाजपा चुनाव हारी थी। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर 2014 में चुनाव लडने उतरे तो उनके प्रचार अभियान में भी महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा था। उन्होंने नारा दिया था, श्बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकारश्। एक दूसरा नारा था श्बहुत हुई पेट्रोल–डीजल की मार, अबकी बार मोदी सरकारश्।

कई और कारणों से कांग्रेस की सरकार से नाराज लोगों ने महंगाई और विकास के मुद्दे पर भाजपा को वोट दिया और 30 साल बाद पहली बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। उसके बाद लोकसभा का एक और चुनाव हुआ और विधानसभा के 50 के करीब चुनाव हुए कहीं भी महंगाई का मुद्दा सुनने को नहीं मिला। सुनने को तो विकास का मुद्दा भी कहीं नहीं मिला पर उसे छोड़ सकते हैं क्योंकि विकास एक सब्जेक्टिव विषय है। उसके बारे में सबकी अपनी अपनी धारणा हो सकती है। लेकिन महंगाई तो सार्वभौमिक है। सबके लिए समान रूप से है। फिर भी इसकी चर्चा नहीं है। सोचें, आठ साल पहले कैसे भाजपा के नेता प्याज और सब्जियों की माला पहन कर और सिलेंडर लेकर धरने पर बैठा करते थे। तब रसोई गैस के एक सिलेंडर की कीमत चार सौ रुपए थी, अब उसकी कीमत एक हजार रुपए है लेकिन जब विपक्ष के नेता सिलेंडर लेकर धरना देने निकलते हैं तो लोग ही उनका मजाक उड़ाने लगते हैं। महंगाई आम लोगों की समस्या है, लेकिन उनको लगता है कि विपक्ष अपने राजनीतिक लाभ के लिए यह मुद्दा उठा रहा है। ऐसा लगता है कि जनता ने सोच लिया है कि विपक्ष को किसी तरह से राजनीतिक लाभ नहीं लेने देना है, चाहे उन्हें खुद कितनी भी समस्या क्यों न झेलनी पड़े।

महंगाई को न्यायसंगत ठहराने के कारण भी खोज लिए गए हैं। पहले अगर कोई नेता महंगाई को सही ठहराता था तो उसे असंवेदनशील माना जाता था। आम लोगों में उसकी छवि जन विरोधी नेता की बनती थी। जब महंगाई के मुद्दे की एक्सपायरी डेट नहीं आई थी तब यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि कोई नेता महंगाई के लिए अपने से पहले वाली या उससे भी पहले वाली सरकार को जिम्मेदार ठहराएगा। अगर कोई ठहराता भी था तो जनता उसे तुरंत खारिज कर देती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। अब सत्तापक्ष खुलेआम कहता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं या देश की पहली सरकार के समय भी महंगाई थी। कई बार तो संसद में बताया जाता है कि जब देश के पहले प्रधानमंत्री के समय महंगाई थी तो उन्होंने क्या कहा था। नेता और मंत्री सवाल उठाने वालों से सार्वजनिक रूप से पूछते हैं कि मुफ्त में वैक्सीन लग रही है, मुफ्त में अनाज बंट रहा है, किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है इसके लिए पैसे कहां से आएंगे? दिलचस्प यह है कि लोग महंगाई पर सवाल पूछने वालों को ही कठघरे में खड़ा रहे हैं और महंगाई को न्यायसंगत ठहराने वालों का समर्थन कर रहे हैं।

इससे लग रहा है कि यह राजनीतिक मुद्दों के विपर्यय का समय चल रहा है। लोग उन मुद्दों को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जो सीधे उनके जीवन से जुड़े हैं। ऐसा तभी होता है, जब उन्हें लगने लगे कि महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी आदि से ज्यादा बड़े मुद्दों पर सरकार काम कर रही है। भारत में अभी ऐसा ही समय चल रहा है। आम लोगों ने अपनी समस्याओं को राजनीति से अलग और स्थगित कर दिया है। वे मान रहे हैं कि इस समय भारत को विश्वगुरू बनाने का अभियान चल रहा है। हिंदुओं को ऐतिहासिक सम्मान दिलाने और उनको ताकतवर बनाने का अभियान चल रहा है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई जा रही है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाया जा रहा है। सोचें, जब इतने बड़े काम हो रहे हों तो उसमें क्या लोग छोटी सी कुर्बानी नहीं दे सकते हैं? सो, महंगा पेट्रोल–डीजल–सीएनजी–पीएनजी–रसोई गैस और खाने–पीने की चीजें खरीद कर लोग देश के पुनर्निर्माण और हिंदू पुनरूत्थान में योगदान दे रहे हैं।

अगर सोशल मीडिया में चल रहे लोकप्रिय विमर्श को देखें तो महंगाई को लेकर कुछ बहुत कॉमन विचार दिखाए देंगे। जैसे यह सही है कि महंगाई बढ़ी है लेकिन क्या सरकार आपराधिक तत्वों के ऊपर बुलडोजर नहीं चला रही है? महंगाई बढ़ी है लेकिन क्या हिंदुओं को मस्जिदों के ऊपर चढ़ कर भगवा लहराने की आजादी नहीं मिली है? महंगाई बढ़ी है लेकिन क्या अनुच्छेद 370 नहीं हटा है, राम मंदिर नहीं बन रहा है, तीन तलाक का कानून नहीं बना है, सीएए नहीं आया है, हिजाब पर पाबंदी नहीं लगी है? महंगाई बढ़ी है लेकिन क्या जेएनयू में नवरात्रि पर पूजा और हवन नहीं हो रहा है? क्या पहले कभी देश में ऐसा सोचा जा सकता था? असल में अंग्रेजों के जमाने से ही देश के हिंदू बहुसंख्यक होने के बावजूद एक किस्म की कुंठा और हीनता बोध का शिकार रहे हैं, जिसे मैजोरिटेरियन इंफीरियरिटी कॉम्प्लेक्स कहा जाता है। अब जाकर उनको इस कुंठा और हीनता बोध से मुक्ति मिली है। उनको लग रहा है कि अब असल में उनका समय आया है। हिंदू गौरव का समय अब आया है।

एक तरफ लोगों की मानसिकता में यह बदलाव आया है तो दूसरी ओर रोजमर्रा के जीवन की बुनियादी जरूरतों को सरकार पूरा करने लगी है। पांच किलो अनाज और एक किलो दाल हर व्यक्ति को पिछले दो साल से मिल रहा है। चुनाव के समय तेल और नमक भी मिल जाता है। सरकार घर बनवा कर दे रही है या घर और शौचालय बनाने के नकद पैसे मिल रहे हैं। करीब 11 करोड़ लोगों के खाते में किसान सम्मान निधि के नाम पर पांच सौ रुपए हर महीने डाले जा रहे हैं। महिलाओं के खाते में नकद पैसे डाले जा रहे हैं। दो–तीन सौ रुपए सालाना के प्रीमियम पर दुर्घटना और जीवन बीमा किया जा रहा है। इलाज की आयुष्मान भारत योजना चल रही है। ऊपर से केंद्र सरकार की योजनाएं से इतर हर राज्य सरकार भी इस तरह की योजनाएं चला रही हैं। इसलिए एक बड़ी आबादी को जीवन की बुनियादी जरूरतों के मामले में प्रत्यक्ष रूप से महंगाई की मार नहीं झेलनी पड़ रही है।



# लाखों रुपये लेकर चिटफंड कंपनी फरार, कार्रवाई की मांग

देवरिया। चिटफंड कंपनी के लाखों रुपये लेकर फरार होने के मामले में कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बरहज क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और रुपये वापस दिलाने की मांग की। बरहज पुलिस ने कंपनी के पूर्व रिजनल मैनेजर से दो बार थाने में बुलाकर पूछताछ की है। एक चिटफंड कंपनी का मुख्यालय लखनऊ है। कंपनी ने बरहज के अलावा सलेमपुर व भटनी में अपना कार्यालय खोला था। बरहज में करीब तीन सौ, भटनी में करीब दो सौ व सलेमपुर में करीब 50 ग्राहक इससे जुड़े थे। कोरोना काल की पहली लहर के दौरान ही कंपनी ने अपना कार्यालय बंद कर दिया। जिसमें करीब 550 लोगों का करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम फंसा है। बरहज क्षेत्र की करीब दो दर्जन महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंची। महिलाओं ने एसपी डा.श्रीपति मिश्र से मुलाकात की। महिलाओं ने कहा कि कंपनी के तत्कालीन रिजनल मैनेजर बरहज में ही रहते हैं। उनके माध्यम से ही रुपये कंपनी में जमा किए गए हैं, लेकिन कंपनी के फरार होने के बाद उन्होंने भी कंपनी छोड़ दिया है। ऐसे में जमा रुपये वापस नहीं हो रहे हैं।कंपनी की एजेंट राधिका देवी के साथ पहुंची महिलाओं ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। तारा देवी ने बताया कि उनका 1.94 लाख रुपये फंसा है। जबकि रीता देवी का 30 हजार, राधा देवी का एक लाख, सुमित्रा देवी का 36 हजार, कौशिल्या देवी का 27 हजार, अनीता देवी का 46 हजार, सीमा का 40 हजार रुपये फंसा है। एसपी ने महिलाओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भूसा बनाने की मशीन से लगी आग, गेहूं की फसल जली

देवरियारू खुखुंदू क्षेत्र के दोहनी में भूसा बनाते समय मशीन में आग पकड़ ली। मशीन में लगी आग से गेहूं की खड़ी फसलों में भी आग पकड़ लिया। ग्रामीणों ने अग्निशमन टीम के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का ब्यौरा बना तहसीलदार को सौंप दिया। दोहनी के रहने वाले मुन्ना यादव अपने भूसा बनाने वाली मशीन से खेतों में भूसा बना रहे थे। अचानक मशीन चिगारी से आग पकड़ ली। किसी तरह मशीन में लगी आग तो बुझा दिया गया, लेकिन तब तक आग गेहूं की फसल व ठंडल में भी पकड़ ली। तेज धूप व हवा के चलते दोहनी, चकिया शुक्ल, लखना तक आग पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। संतोष शुक्ला की झोपड़ी भी जल गई। आग से चकिया के रहने वाले संतोष शुक्ला का भूसा और भूसे में रखा गेंहू, राजकुमार शुक्ल की कटवा कर रखी गई लकड़ी, पुरुषोत्तम शुक्ला का करीब पांच कट्ठा गेंहू की फसल, प्रकाश पासवान का खलिहान में रखा करीब सौ बोझा गेंहू, अजय पासवान का अरहर, लखना के हरिकेश यादव, राम सिगार यादव, खरपतिया देवी की फसल जलकर राख हो गई।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय बदहाल, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

महराजगंज। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के गनेशपुर ब गांव में बना उच्च प्राथमिक विद्यालय बनने के बाद से ही कभी उपयोग में नहीं आ सका । यहां पंजीकृत कुल 25 छात्र– छात्राएं गांव के प्राथमिक विद्यालय के कमरे में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं । क्षेत्र के गनेशपुर गांव में वर्ष 2011–12 में लाखों रुपए खर्च कर बना उच्च प्राथमिक विद्यालय छात्र –छात्राओं व शिक्षकों के उपयोग में नहीं आ पा रहा है। फिर भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने भवन की सुधि तक नहीं ली। मौजूदा समय में जर्जर भवन की हालत देखने लायक भी नहीं रह गई है । आसपास फैली गंदगी व उग आई झाड़ियों में जहरीले कीड़े व मकोड़े के कारण कोई उधर जाने की कौन कहे ,झांकना तक नहीं चाहता। ग्रामीण अवधेश यादव, मोलहू, बलराम,अनिल आदि ने बताया कि मानकों को ताक पर रखकर गांव के लो लैंड पर विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा था। तभी ग्रामीणों ने जलजमाव वाले स्थान पर विद्यालय का निर्माण कराए जाने का विरोध किया था ,लेकिन भवन प्रभारी की ऊंची पहुंच व विभागीय सांठ गांठ के कारण ग्रामीणों की एक न चली और जैसे तैसे भवन बनाकर तैयार कर दिया गया था , लेकिन कुछ माह बाद ही घटिया निर्माण सामग्री से बनाई गई भवन की दीवारों में दरारें बन आई तथा प्लास्टर व जंगला के बरजा भर–भराकर गिरने लगे। छात्र नीरज, विक्रम, राजू, आशीष ने बताया कि विद्यालय बदहाल होने के कारण उन्हें गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के पास जाकर पढ़ना पड़ता है। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार मिश्र ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र– छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है । भवन की बदहाली के संबंध में जानकारी कराकर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी ।

# तभी इस देश की समृद्धि का अरमान जिदा है

महराजगंज। स्थानीय कस्बा के श्री राम जानकी परिसर में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों की भाव पूर्ण प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान हास्य कवियों को सुन कर लोगों को खूब ठहाके लगवाए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद कवि शंभू शिखर के मंच संभालते ही लोगों को खूब हंसाया। उन्होंने व्यंग करते हुए कहा कि तुम तोड़ो वादा हम निभाते रहेंगे। जब तक नहीं आते 15 लाख खाते में हम मोदीजी आपको जिताते रहेंगे। उन्होंने एंटी रोमियो सहित अन्य मुद्दों पर व्यंग सुनाकर पूरे समय अपने व्यंग से सबको खूब हंसाया। इसके बाद कवि ज्ञानेंद्र वत्सल शुक्ल ने कहा गीत गाता नहीं मैं कभी दर्द के बेवफा से अगर दिल लगाता नहीं, जिन्हें केशव कोई कहता, कहता कन्हाई है, भले ही सृष्टि उनकी दृष्टि में समाई है। अगर कलयुग में आकर पार्थ गीता सुनाएं तो, लोग कहेंगे यादव है मगर भाजपाई है। उसकी आंखों में थी कोई जादूगरी, धड़कन से दिन को चुरा ले गई। हास्य कवि हेमंत पांडेय ने श्एक फूल तुझे देने के लिए सस्ते में ले लिया, कोई देखे न उसे बस्ते में रख लिया। फूल तुम्हें देने के लिए निकले ही थे, बजरंग दल वालों ने उसे रास्ते में ही ले लिया सहित अन्य कई शानदार हास्य व्यंग्य सुनकर लोगों से खूब ठहाके लगवाए। वीर रस की कवि कविता तिवारी की गीत अगर माटी के पुतले देह में ईमान जिदा है, तभी इस देश की समृद्धि का अरमान जिदा है। ना भाषण से है उम्मीदें ना वादों पर भरोसा है, शहीदों के बदौलत मेरा हिदुस्तान जिदा है। मानवेंद्र सिंह, पंकज तिवारी, अरुण पांडेय, शंभू मद्धोशिया, सोमनाथ चौरसिया, ओए जोसेफ, मनोज केशरी, अमित अंजन, मुकेश जायसवाल, हरिशंकर सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, धीरज तिवारी, कृष्ण मुरारी सिंह, वेद प्रकाश तिवारी सहित मौजूद रहे।

# 2.53 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का होगा निर्माणः सभाकुंवर

देवरिया। भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सभाकुंवर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की 15 सड़कों का 2.53 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जाएगा। इन सड़कों के बनने से जनता को काफी सहूलियत होगी। उपनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घांटी–खैराट–खुटहा मार्ग लंबाई 800 मीटर लागत 1.05 लाख, राजस्व ग्राम धरमखोर दुबे में दलित टोला में संपर्क मार्ग लंबाई एक किलोमीटर लागत 10.04 लाख, भटनी– बलुआ अफगान से चकउर फकीर संपर्क मार्ग लंबाई डेढ़ किलोमीटर लागत 15.4 लाख, बनकटा विकास खंड लेपित मार्ग से सुंदर पार संपर्क मार्ग लंबाई 2.30 किलोमीटर लागत 22.97 लाख, बंजरिया से कुरमौली संपर्क मार्ग लंबाई दो किलोमीटर लागत 19.94 लाख, तिलौली संपर्क मार्ग लंबाई 1.86 किलोमीटर लागत 8.54 लाख, टोला अहिबरन राय संपर्क मार्ग लंबाई डेढ़ किलोमीटर लागत 15.04 लाख, भजन छापर संपर्क मार्ग लंबाई एक किलोमीटर लागत 10.04 लाख, धूसा टोला संपर्क मार्ग लंबाई 2.90 किलोमीटर लागत 36.25 लाख, भाटपाररानी–भिगारी–भवानी छापर मार्ग के किलोमीटर 11 से छितरौली संपर्क मार्ग लंबाई एक किलोमीटर लागत 10.04 लाख, राजस्व ग्राम धनौती में संपर्क मार्ग लंबाई 800 मीटर लागत 8.05 लाख, भठही संपर्क मार्ग लंबाई दो किलोमीटर लागत 24.95 लाख, पड़री संपर्क मार्ग लंबाई 1.90 किलोमीटर लागत 23.79 लाख, शंकरपुरा संपर्क मार्ग लंबाई दो किलोमीटर लागत 19.94 लाख, अहिरौली बघेल में पश्चिम टोला में संपर्क मार्ग लंबाई एक किलोमीटर लागत 10.04 लाख, रघुनाथपुर ग्राम में संपर्क मार्ग लंबाई डेढ़ किलोमीटर लागत 15.04 लाख की सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इन सड़कों का शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सीएचसी गौरीबाजार, भटनी व बरहज बनेगा फर्स्ट रेफरल यूनिट

देवरिया। जिले की तीन सीएचसी गौरीबाजार, भटनी व बरहज को फर्ध्र्स्ट रेफरल यूनिट बनाने की निर्णय लिया गया। इसकी कार्ययोजना बना कर तैयारी शुरू कर दी गई है। इन अस्पतालों में मरीजों को इलाज व जांच की बेहतर सुविधा मिलेगी। चौबीस घंटे गर्भवती के आपरेशन की सुविधा भी होगी। जिसका लाभ उस क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। इसकी कार्ययोजना बना कर इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी गई है। तैयार की जाएगी ओटी, दूर होगी संसाधनों की कमीः फर्ध्र्स्ट रेफरल यूनिट बनने के बाद अस्पतालों की ओटी को दुरुस्त किया जाएगा। इसे अत्याधुनिक रूप से तैयार किया जाएगा। एनएचएम के बजट से यहां जो भी कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र से जिला मुख्यालय जिला महिला अस्पताल आने के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और गर्भवती को गंभीरावस्था में रेफर करने के बाद कई बार जान पर बन आती थी। ऐसे में सीएचसी पर ही आपरेशन की सुविधा मिलने से गर्भवती को काफी राहत मिल जाएगी। तैनात होंगे डाक्टर व निश्चेतकः इन अस्पतालों में डाक्टरों की कमी को भी दूर किया जाएगा। गाइनी के डाक्टर व अलावा निश्चेतक की भी तैनाती की जाएगी, जिससे आपरेशन के लिए मरीज को रेफर न करना पड़ेगा। जिले की दो सीएचसी सलेमपुर व रुद्रपुर में ही सिर्फ गर्भवती के आपरेशन की सुविधा थी। ऐसे में अब तीन और अस्पतालों में यह सुविधा बढ़ जाएगी। डाक्टरों के बैठने से इमरजेंसी में आए मरीजों को भी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों की समस्या को देखते हुए जिले की तीन सीएचसी गौरीबाजार, भटनी व बरहज को फर्ध्र्स्ट रेफरल यूनिट बनाने का निर्णय लिया गया है। यहां चिकित्सकों की तैनाती करने के साथ ही अन्य समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसकी रूप रेखा तैयार की जा रही है।

# सीएससी सेंटरों पर लग रही बुजुर्गों व महिलाओं की भीड़, जिम्मेदार बेफिक्र

महराजगंज। वृद्धावस्था एवं निराश्रित विधवा पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की भीड़ इन दिनों सीएससी सेंटर पर देखी जा रही है। ये लोग अपने आनलाइन विवरण में आधार, मोबाइल फोन व खाता नंबर अपडेट करा रहे हैं। यदि ऐसा वह करने में असफल रहेंगे तो उनकी पेंशन रुक जाएगी।

आनलाइन विवरण अपडेट कराने में लाभार्थियों की विभाग मदद करता नहीं दिख रहा है। ऐसे में बिना पढ़े लिखे महिलाओं और बुजुर्गों को काफी समस्याएं हो रही हैं। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से पिछले दिनों सभी पेंशनरों को आनलाइन विवरण अपडेट कराने का निर्देश दिया गया। आदेश था कि बिना विवरण अपडेट किए किसी को भी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। जिसके बाद से सीएससी सेंटर पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। . जिला मुख्यालय स्थित सीएससी सेंटर पर अपना विवरण अपडेट कराने पहुंचे करमहा गांव के बुजुर्ग रामऔतार ने बताया कि वह समाज कल्याण विभाग से लेकर पोस्टआफिस तक दौड़ लगा चुके हैं, लेकिन कहीं भी सहीं जानकारी नहीं मिल पा रहा है, अब वह आज कंप्यूटर की दुकान पर पहुंचे हैं, लेकिन यहां पर भी पंजीकरण नंबर मांगा जा रहा है, जो हमें पता ही नहीं है। इसी प्रकार बौलिया निवासिनी विधवा रमावती देवी, पकड़ी के अवध बिहारी भी अपना आनलाइन विवरण अपडेट कराने के लिए परेशान दिखे।

पेंशनर के लिए काउंटर बनाने की जरूरतः शहर के सीएससी संचालक मनोज कुमार ने बताया कि आनलाइन पेंशन विवरण में आधार, मोबाइल व बैंक खाता नंबर अपडेट हो रहा है। इसमें लाभार्थी को निराश्रित विधवा पेंशन का 12 अंकों वाला पंजीकरण नंबर बताना होता है। इस नंबर के लिए महिलाएं समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। प्रधान डाकघर में भी भटक रही हैं। दूरस्थ क्षेत्र की महिलाएं तो बहुत ही परेशान हैं। ब्लाक कार्यालयों पर एडीओ समाज कल्याण तैनात हैं लेकिन, वह उन्हें खोजे नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में काउंटर लगें तो लाभार्थियों की मदद हो सकती है।

फोन न होना भी बड़ी समस्याः जिन पेंशन लाभार्थी महिलाओं व बुजुर्गों के पास फोन नहीं हैं, उन्हें ओटीपी बताने में असमर्थता होती है। कंप्यूटर कर्मी बताते हैं कि ज्यादातर विधवा महिलाओं के पास फोन नहीं हैं और वह किसी अन्य का फोन नंबर बताती हैं, जिस पर ओटीपी जाता है, और वह व्यक्ति ओटीपी समय रहते बता नहीं पाता है। इससे उन महिलाओं का आनलाइन विवरण अपडेट करने में दिक्कतें आ रही हैं। पेंशन लाभार्थियों के आनलाइन विवरण में आधार प्रमाणीकरण का कार्य हो रहा है। कार्यालय में जो लाभार्थी आकर आधार, मोबाइल नंबर देते हैं, उनका विवरण आपरेटर अपडेट करते हैं। शेष जिले के सभी सीएससी सेंटर पर इसका कार्य किया जा रहा है।

# 14 स्थानों पर लगी आग, 150 एकड़ गेहूं की फसल राख

महराजगंज। जिले में 14 स्थानों पर लगी आग में 150 एकड़ गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की गाड़ियां कम पड़ गईं। उधर थानों की पुलिस गाड़ियां लेकर ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में लगे रहे। सदर कोतवाली में छह स्थानों पर लगी आग में सिपाही से लेकर सीओ तक दौड़ लगाते रहे। देर शाम तक पुलिस व प्रशासन की गाड़ियां दौड़ती रहीं। सदर कोतवाली के कोदइला गांव में लगी आग में 20 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना के बाद भी मौके पर समय से अग्निशमन की गाड़ियों के न पहुंचने से आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। इसी प्रकार पकड़ी, कोटा मुकुंदपुर, नेता सुरहुरवा में भी आग की घटनाएं हुई हैं। क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरपाती में स्थित पेट्रोल पंप के पूरब अज्ञात कारणों से लगी आग में 40 एकड़ से उपर किसानों के गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन अग्निशमन विभाग की गाड़ी देर से पहुंचने पर लोगों ने आपत्ति जताई। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार देशदीपक तिवारी ने राजस्व कर्मियों को जली फसल के स्थलीय जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, प्रमुख आनंद शंकर वर्मा आदि मौजूद रहे। सेवक, मनोज, कमला तिवारी, चंद्रभान, शत्रुघ्न, रंजीत, सुरेश, रमेश, रामेश्वर, सत्यदेव, धर्मेंद्र, योगेंद्र, राजेंद्र, अधरचंद, बिरेंद्र, अखंड प्रताप, दुलारे , हरिवंश, हरिलाल, रामपति, ओमप्रकाश, ठगई यादव, गोमती सिंह, बुद्धू, सोमराज आदि किसानों की फसल बर्बाद हुई है। चौक बाजार संवाददाता के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत में दोपहर एक बजे में आई बिजली से फारेस्ट रोड के पश्चिम सिवान में लगी आग से चार एकड़ गेहूं की खड़ी फसल, पिपरामिट तथा एक पंपिगसेट जल गया। स्थानीय युवाओं और पुलिसकर्मियों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। हरिश्चंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, विजय वर्मा, उमेश वर्मा, मुन्नी का तीन एकड़ गेहूं की फसल तथा आशिक अली का 20 डिस्मिल पिपरामिट और चंद्रशेखर एवं रामनिवास का पंपिगसेट जल गया। दोपहर भूसा मशीन से निकली चिगारी से लगी आग में मोगलहा जमुहनिया, बरगदबा, महदेवा के दर्जनों किसानों का 50 एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। मोगलहा के शमसुद्दीन, शहाबुद्दीन, रफीक, रोहित, जब्बार, करीम, मैनुद्दीन, तौफीख, जैनुल, जमुहनिया के संजय, भोला, दीनानाथ,रामदेव, मिथलेश, राघव, मोहन, मुन्ना, तबारक, तथा तेंदुही,बेलवा,राजपुर, भरवलिया के तमाम किसान तबाह हुए। जमुहनिया के शिवकुमार, दीनानाथ, रामदेव का करीब 100 क्विंटल गेहूं जल गया। वहीं जलौनी के लिए रखा उपला और लकड़ी भी जल गया। जमुहनिया निवासी चंदन मिश्र की बांस की खूंटी और इमारती लकड़ी जल गई। हालांकि सूचना के बाद दमकल विभाग की दो गाडिघ्यां पहुंची, लेकिन तबतक कुछ बचा नहीं था। दोपहर गेहूं की पराली में आग लग गई। आग फैलने से तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बृजमनगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लेहड़ा के बदलबाग में दोपहर में छह किसानों का खेत मे काट कर रखा डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल अज्ञात कारणों से लगी आग से जल गई। कोठीभार संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सभा बसडीला में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गया। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। डा. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 14 स्थानों पर आग की घटना दर्ज की गई है। इसमें से कई स्थानों पर पहुंची दमकल की गाड़ियों से आग बुझाया गया है। जिन किसानों की फसलें जली हैं, राजस्व कर्मियों द्वारा उनका सर्वे कराया जा रहा है। उन्हें अहेतुक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# एसबीटी पब्लिक स्कूल द्वारा शानदार विदाई समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के बिशनपुरा बखरा में स्थित एसबीटी




पब्लिक स्कूल में 15ध4ध2022 दिन–शुक्रवार को कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं के लिए, कक्षा 11 के छात्र–छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में शैलेश मणि त्रिपाठी, एसबीटी पब्लिक स्कूल के संरक्षक हेमंत मिश्र व चेयरमैन एम एन त्रिपाठी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि व संरक्षक महोदय द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात उनका उद्बोधन हुआ। मुख्य अतिथि महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वे अपने आप को सफल बनाना चाहते हैं तो सफलता का मूल मंत्र के रूप में 10,000 घंटे की पढ़ाई करनी होगी। संरक्षक महोदय ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा उन्हें उनके कर्तव्य ज्ञान का बोध कराया। विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बच्चे हमारे विद्यालय से जा रहे हैं परंतु विद्यालय परिवार से नहीं। यहां से आपने जो कुछ सीखा,उसका उपयोग आप अपने आने वाले जीवन में करें तथा देश विदेश में जाकर अपने साथ–साथ विद्यालय, समाज तथा देश का नाम रोशन करें। आपकी सफलता में ही हमारी खुशी और विजय दोनों निहित है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने भी अपने अभिनय से लोगों को गुदगुदाया तथा आभार प्रकट किया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संरक्षक तथा चेयरमैन द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसपी बिंद, एडमिन दिवाकर पांडे तथा सभी शिक्षक गण और अन्य सभी कर्मचारी गण मौजूद रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# तहसील दिवस में आये मामले का हुआ समाधानः रावत

## 17 मामले में 9 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शनिवार को एएसपी सुरेश चन्द्र रावत तहसील दिवस के





अवसर पर बांसी पहुचें। उप जिलाधिकारी उमाशंकर के साथ जन शिकायतों की सुनवाई की गयी। दिवस में आये कुल सत्तरह मामले में 9 मामले का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष पेंडिंग मामलों के निस्तारण के लिये जांच कर अधीनस्थों को समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गये स इसी क्रम में एएसपी रावत ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशबीर सिंह के साथ इटवा थाने पहुचें, वहां हो रहे नव निर्माण भवन का निरीक्षण किया। कमियों को देख सुधार के निर्देश दिये गये। कैम्पस में साफसफाई की व्यस्वस्था सुदृढ रखने के लिये निर्देशित किया गया। एसपी ने कहा फरियादियों के साथ न्यायिक व्यवहार के साथ पेश आएं, तथ्यों की जांच कर निष्पक्ष न्याय करें। घठित घटनाओं का जल्द खुलाशा करें। पेंडिंग मामलों का निस्तारण करें। एसओ इटवा सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# कलयुगी पुत्र बना अपने पिता का हत्यारा

संत कबीर नगर। जिस माता पिता की आस होती हैं हमारा पुत्र,पुत्री ही सब जीवन का आधार है वही कलयुगी पुत्र बना पिता का हत्यारा संतकबीरनगर के थाना महुली क्षेत्रांतर्गत ग्राम गिठनी में पारिवारिक विवाद को लेकर महेश चौधरी द्वारा अपने पिता सुरेश चौधरी उम्र करीब 60 वर्ष की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी, घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है, घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सोनम कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों के साथ किया गया व पीड़ित परिजनों से वार्तालाप कर उनको ढांढस बंधाया गया तथा प्रकरण के संबंध में जानकारी ली गयी । अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है, घटनास्थल पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है,कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है

# हनुमान जन्म उत्सव पर नगर के हनुमान मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को नगर के हनुमान मंदिरों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नगर के मेन रोड पर रामअवतार उपवन में अवस्थित बाल हनुमान मंदिर में निर्मल केडिया के संयोजन में एवं सीएमओ ऑफिस के पास श्री राम जानकी संकट मोचन मंदिर पर पुजारी राजकुमार पांडे द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार मंगला आरती पूजन किया गया। और शीतला मंदिर के पास मेन रोड पर स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से राम जी मोदनवाल के संयोजकत्व में ध्वज यात्रा निकाला गया, इस यात्रा का नेतृत्व काशी से आए डमरु वादक कर रहे थे। डमरुवादको की डमरू की डमडमाहट से सारा नगर गुंजायमान हो गया। डमरु इस ध्वज यात्रा का आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। वही यात्रा के दौरान भक्तजन हाथों में भगवा ध्वज लिए प्रभु श्री राम, बजरंगबली, हनुमान जी का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे तथा दूसरी ओर भक्तिमय भजन की धुन पर स्त्रियां युवतिया,युवक थिरक रहे थे, ध्वज यात्रा के दौरान रथ पर बैठे हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम, माता जानकी एवं राम भक्त हनुमान के स्वरूप का दर्शन जहां नगर वासियों ने किया वहीं कुछ लोगों ने उनकी आरती भी उतारी।



**● हनुमान मंदिरों पर हुआ भव्य श्रृंगार, मंगला आरती एवं पूजन**

**● संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर द्वारा निकाली गई भव्य ध्वजा यात्रा**

यह जुलूस संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। तत्पश्चात मंदिर में भगवान की दिव्य आरती प्रसाद वितरण आदि का कार्यक्रम हुआ। इस ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से समाज सेवी कृष्ण मुरारी गुप्ता, दीपक कुमार केसरवानी, संगम गुप्ता, धर्मवीर तिवारी, अजीत रावत, रामजी मोदनवाल, प्रदीप, सचिन, सानू, राजाराम केसरी, हर्षवर्धन केसरवानी, नीरज केसरी, मनोज, दिलीप, शुभम, साहिल, सत्यम, स्वयं, अशोक, माया देवी, पूनम, ऋषभ केसरी, बबिता, विकास, अंजू, रितेश, सरोज केसरी, संगीता गुप्ता, श्यामा देवी, प्रकाश केसरी, संतोष, सन्नू, शिव शंकर, मंगल, किशोरी, सचिन, पवन केसरी, गोविं गोविंद, उमेश, कमलेश, गणमान्य नागरिक इस यात्रा में शामिल रहे।

# न्याय चला निर्धन के तर्ज पर किया जा रहा जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के पूर्ण कालिक सचिव पंकज कुमार के आदेशानुसार पी0 एल0 वी0 मनोज कुमार दीक्षित के द्वारा न्याय चला निर्धन के तर्ज पर गाँव गाँव जाकर आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। राबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गढ़वा गाँव मे शनिवार को दीक्षित के द्वारा ग्रामीणों में आगामी 14 मई को लगने वाले लोक अदालत के बारे में पम्पलेट का वितरण कर जागरूक किया गया।



उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के द्वारा लगातार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है लेकिन जानकारी के आभाव में आम जनमानस इसका लाभ नही उठा पाते हैं।उन्होंने बताया कि निम्न प्रकार के वाद लोक अदालत में निर्णीत किये जा सकेंगे आपराधिक शमनीय वाद,धारा 138 एन आई एक्ट के वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकार याचिकाएं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत एवं जल बिल, सर्विस में वेतन एवं भत्तों से सम्बंधित, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद, सुलह योग्य, प्रिलिटीगेशन मामले अन्य आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एवं अन्य सिविल वाद इस मौके पर ग्राम प्रधान राधेश्याम पटेल, पिंटू यादव, जिलाजित पटेल, कल्लू पटेल, कैलाश पटेल, अवधेश पटेल, रामबचन पटेल, विकास, बलवंत, धनंजय कुमार, दीपक प्रजापति इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# आरोपित मूर्तजा पर लगा यूएपीए, एटीएस कोर्ट लखनऊ स्थानांतरित हुआ मुकदमा

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले मुर्तजा अब्बासी पर एटीएस ने शिकंजा कसते हुए मुकदमे में यूएपीए (गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) बढ़ा दिया है। शनिवार को कड़ी सुरक्षा में एटीएस ने मुर्तजा को एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में पेश किया। अभियोजन पक्ष की दलील को सुनने के बाद कोर्ट ने मुर्तजा के मुकदमे को एटीएस कोर्ट लखनऊ स्थानांतरित करने के साथ ही 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

मुर्तजा के खिलाफ गोरखनाथ थाने में हत्या की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, धार्मिक भावना भड़काने, सेवन सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार अप्रैल को कोर्ट में पेश कर कस्टडी रिमांड मांगा था। कोर्ट ने 11 अप्रैल तक मुर्तजा की रिमांड मंजूर की थी। विवेचना स्थानांतरित होने के बाद एटीएस की टीम पांच अप्रैल को उसे लेकर लखनऊ चली गई।मुख्यालय में पूछताछ करने के बाद टीम 11 अप्रैल को उसे लेकर गोरखपुर पहुंची। कोर्ट में पेश करने के बाद विवेचक ने रिमांड बढ़ाने की मांग की।जिसके बाद कोर्ट ने 16 अप्रैल तक के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड बढ़ा दी।तीन दिन तक एटीएस ने मुर्तजा से गोरखपुर में पूछताछ की और गुरुवार की सुबह दोबारा लखनऊ ले गई।शनिवार की सुबह कड़ी सुरक्षा में मुर्तजा को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया।45 मिनट तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने मुर्तजा को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

वारंट बी लखनऊ ले जाएगी एटीएसरू मुर्तजा का मुकदमा लखनऊ की एटीएस कोर्ट में स्थानांतरित हो गया है।कागजी कार्रवाई पूरी होने तक वह जिला कारागार में ही रहेगा।यहां से एटीएस उसे अब वारंट बी पर ले जाएगी। घटना के दिन मुर्तजा के दाएं हाथ में चोट लग गई थी।पकड़ने के बाद पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई जहां से उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।एक्सरे रिपोर्ट में हाथ फैक्चर होने की बात सामने आई है।चर्चा है कि जिला अस्पताल में ही मुर्तजा के हाथ का आपरेशन होगा।इसको देखते हुए शनिवार सुबह से ही जिला अस्पताल में फोर्स तैनात है। क्या है यूएपीएरू यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) का मुख्य उद्देश्य आतंकी गतिविधियों को रोकना होता है।इसके तहत पुलिस ऐसे अपराधियों या संदिग्धा लोगों को चिह्नित करती है, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं, आतंकी गतिविधि के लिए लोगों को तैयार करते हैं या फिर ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।ऐसे मामलों में एटीएसध्एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के पास काफी शक्तियां होती है।

# महुअवा गांव के सिवान में लगी आग ग्रामीणों के प्रयास से आग पर पाया गया काबू

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के महुअवा गांव के सिवान में गेहूं की खेत में डंठल फूकने से पकडे आग ने करीब 1 किलोमीटर तक खेतों को और पेड़–पौधों को अपने चपेट में ले लिया। आपकी उठती लपटों से देखते हुए गांव के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में दहशत का व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घरों से निकलकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनवरिया ग्राम सभा के प्रधान चंद्रिका चौधरी ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 12.00 बजे गुलाब के खेत से एका एक आग उठी और करीब 1 किलोमीटर तक आग ने अपना विकराल रूप दिखाया। जब कि ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया किसी तरह का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।



# चार दिन से घर से लापता है युवक, गुमसुदगी दर्ज

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के भनखरपुर गांव के बयालिस बर्षीय युवक पिछले चार दिन से घर से गायब है जबकि परिवार के लोग अनहोनी की आंशका जता रहे है, दुबौलिया पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है चंद्रभान (42) मंगलवार से घर से गायब है हालांकि उसी दिन शाम चार बजे गांव के सटे सरयू नदी की ओर जाते घर वालों ने देखा, जब वह वापस नहीं आए तब पत्नी चंद्रावती खोज में नदी की ओर गयी जहां पति के पैंट शर्ट और चप्पल नदी के किनारे पड़ा देख किसी अनहोनी की आशंका से घर वापस आकर परिजनों को बताया हर संभावित जगह पर पति की तलाश शुरू करने के साथ दुबौलिया पुलिस को भी सूचित किया । गुरुवार को दिन में नदी की धारा में एक उतराती एक लाश दिखाई पड़ी लेकिन जब तक परिजन आए तबतक शव नदी की धाराओं में बह गई, चंद्रभान की पत्नी चंद्रावती ने प्रशासन से नदी में तलाश कराने की गुहार लगाई है, गुमशुदा चंद्रभान के दो लड़के और तीन लड़कियां हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया चंद्रभान की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस अपने स्तर पर जांच पड़ताल कर रही है।

# समस्याओं के निस्तारण हेतु आयोजित समाधान दिवस पर रोस्टर जारी

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशानुसार जनपद में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रत्येक थाने पर प्रातः 10 से 02 बजे तक समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होनें बताया है कि 01 अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक का रोस्टर जारी कर दिया गया है। उन्होनें बताया है कि किन्ही दो थाना दिवस का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होनें बताया है कि थाना कोतवाली खलीलाबाद के लिए उप जिलाधिकारी, खलीलाबाद, थाना दुधारा के लिए नायब तहसीलदार खलीलाबाद, तथा बखिरा के लिए तहसीलदार खलीलाबाद को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होनें बताया है कि थाना मेहदावल के लिए उप जिलाधिकारी मेंहदावल तथा थाना धर्मसिंहवा के लिए नायब तहसीलदार मेंहदावल को तथा थाना बेलहर कला के लिए तहसीलदार मेंहदावल नामित किया गया है। थाना धनघटा के लिए तहसीलदारर धनघटा, तथा महुली के लिए उप जिलाधिकारी धनघटा को नामित किया गया है। उन्होने बताया है कि समस्याओं के निस्तारण के लिए समाधान दिवस का सम्बंधित थाने पर नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को भी थानावार नामित किया गया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद में 23 अप्रैल 2022 को अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मगहर, थाना मेंहदावल अधि0अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल, थाना महुली में अधि0 अधिकारी नगर पंचायत हरिहरपुर तथा 14 मई 2022 में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद, थाना मेंहदावल अधि0अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल, थाना महुली में अधि0 अधिकारी नगर पंचायत हरिहरपुर, 28 मई 2022 को थाना कोतवाली खलीलाबाद में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मगहर, थाना मेंहदावल में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल, थाना महुली में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हरिहरपुर, 11 जून 2022 को थाना कोतवाली खलीलाबाद में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मगहर, थाना मेंहदावल में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल, थाना महुली में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हरिहरपुर और 25 जून 2022 को थाना कोतवाली खलीलाबाद में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मगहर, थाना मेंहदावल में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल, थाना महुली में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हरिहरपुर नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि उपरोक्त तिथियों पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उपस्थित रह कर समस्याओं का समाधान करेगें।

# अगले सत्र से शुरू हो जाएगी गोरखपुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई

गोरखपुर। गोरखपुर के सैनिक स्कूल में अगले सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। सत्र प्रारंभ होने से पहले निर्माण कार्य पूर्ण हो, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर के निर्माणाधीन सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की स्थलीय प्रगति जानने के साथ इसके मैप को भी देखा और जरूर दिशानिर्देश दिए। सीएम योगी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में पूर्ण हो जाना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। खाद कारखाना परिसर में बन रहे सैनिक स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह स्कूल गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश का गौरव बनेगा। किसी भी क्षेत्र में सैनिक स्कूल का होना बड़ी उपलब्धि होती है। इस स्कूल में दाखिले के साथ छात्रों को राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ते हुए देश सेवा का अवसर मिलने लगे, इसके लिए हमारी हरहाल में कोशिश होनी चाहिए कि अगले शैक्षिक सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्माण कार्य को मार्च 2023 तक अवश्य पूरा करना है। सीएम योगी ने सैनिक स्कूल के एकेडमिक भवन बालक व बालिका छात्रावास को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यहां का कैंपस भारतीयता की भावना से ओतप्रोत होना चाहिए। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी विजय किरन आनंद समेत कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। एकड़ में बन रहा है सैनिक स्कूलः गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर बन रहा है। इस सैनिक स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक–बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाएगी। छात्र–छात्राओं के लिए अलग–अलग कैंपस होगा। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला होगा। यहां बनने वाले हॉस्टल राष्ट्र नायकों के नाम से समर्पित होंगे। साथ ही कैंपस के अलग–अलग स्थानों का नामकरण सेना के जाबांजों के नाम पर किया जाएगा । सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित किए जाएंगे।



# 108 वें दिन भी जारी रहा मिल श्रमिकों का धरना

बस्ती। गोविंद नगर शुगर मिल गेट पर वेतन भुगतान एवं मिल चलाने सहित अन्य मांगों को लेकर मिल श्रमिकों व किसानों का धरना 108वें दिन भी जारी रहा धरने पर बैठे श्रमिक अंगद वर्मा, किसान गनीराम चौधरी, का कहना है कि 108 दिनों से लगातार मिल श्रमिक और किसान अपनी बकाया वेतन भुगतान एवं गन्ना बकाया मूल्य भुगतान की मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं किंतु प्रशासन की तरफ से अभी तक किसी प्रकार का आश्वासन तक नहीं मिला और ना ही प्रशासन द्वारा धरनारत मिल श्रमिकों और किसानों की सुधि ली गई जबकि वेतन भुगतान ना होने से हमारा परिवार भुखमरी के कगार पर आ चुका है धरने में मुख्य रूप से राकेश चौधरी, महेश पांडे, परमेश्वर मिश्रा ,सुरेश मिश्रा ,धर्मेंद्र चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, कमलेश पटेल आदि शामिल रहे।

# स्वच्छता व सौंदर्य का प्रतिमान बने गोड़धोइया नाला : सीएम योगी

गोरखपुर(आरएनएस)। दशकों तक उपेक्षा और गंदगी का पर्याय बना रहा गोड़धोइया नाला स्वच्छता, जलनिकासी की सुविधा और सौंदर्य का प्रतिमान बने, हमारी कोशिश अब इस दिशा में होनी चाहिए। नाले की तल्लीझार सफाई, दोनों तरफ सड़क निर्माण और पौधरोपण का काम करवाने के साथ ही अधिकारी नागरिकों को इस बात के लिए भी जागरूक करें कि नाले में कूड़ा न फेंका जाए।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार अपराहन गोड़धोइया नाला के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहीं। चारफाटक ओवरब्रिज के समीप बिछिया मोहल्ले में गोड़धोइया नाले का अवलोकन व यहां चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस नाले के सुंदरीकरण का प्रोजेक्ट महानगरवासियों के लिए कई मायने में महत्वपूर्ण है। नाले के कायाकल्प के बाद महानगर में पचास फीसद आबादी की जल निकासी की समस्या का समाधान हो जाएगा। साथ ही यह शहर के खूबसूरत स्थलों में भी शामिल होगा। उन्होंने कहा कि नाले के दोनों तरफ पक्की सड़क बनाई जाए और सड़कों के किनारे पर्याप्त पौधरोपण कराया जाए। सीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि नाले के दोनों किनारे बोल्डर पिचिंग कराएं ताकि बरसात में पानी का फ्लो अधिक होने पर कटान न होने पाए। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए कुछ स्थानों पर जालियां भी लगाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे आवश्यक है कि हम नागरिकों को भी लगातार जागरूक करते रहें कि वह अपने घरों का कूड़ा नाले में न फेंके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विजय किरन आनंद व नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि नाले के दोनों तरफ सात–सात मीटर की पक्की सड़क बनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस नाले का कायाकल्प 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर कराया जा रहा है। गोड़धोइया नाला का रूट मैप देख दिए कई महत्वपूर्ण निर्देशः निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोड़धोइया नाला का रूट मैप भी देखा और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि नौ किलोमीटर की लंबाई वाले इस नाले की छह पोकलेन मशीनों से सफाई कराई जा रही है। काफी कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्यों को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों से जानकारी लेने के दौरान सीएम योगी ने कहा कि नाले के अंतिम छोर पर जहां वह रामगढ़ताल में मिलता है, वहां एक छोटा तालाब भी विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नाले के अंतिम छोर पर ही बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए वाटर स्पोर्ट्स बॉडी भी बनाने की दिशा में काम करें। इस अवसर पर महापौर सीताराम जायसवाल, सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ला, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, एसएसपी डॉ विपिन ताडा, नगर निगम के उपसभापति ऋषि मोहन वर्मा आदि भी मौजूद रहे। 'बनवाएंगे मकान, स्कूल जाने का भी होगा इंतजाम : गोड़धोइया नाले के निरीक्षण के अवसर पर मुख्यमंत्री की नजर नागरिकों व बच्चों के समूह पर पड़ गई। निरीक्षण करते हुए वह नाले पर बने पुल के दूसरी तरफ पहुंचे और नागरिकों से संवाद करते हुए उनका हालचाल जाना। वहां मौजूद दो–तीन बच्चों से उन्होंने उनका नाम पूछा और सवाल किया स्कूल जाते हो या नहीं? एक बच्चे ने उन्हें बताया कि स्कूल में दाखिला नहीं हुआ है। उसने भावुकतापूर्ण अंदाज में यह भी कहा, महाराज जी हमारा मकान नहीं है। सीएम योगी बेहद संजीदा हो गए और और बच्चे के माथे पर हाथ फेरते हुए बोले, षचिंता मत करो। हम मकान भी बनवाएंगे और स्कूल जाने का इंतजाम भी करेंगे।ष मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद स्थानीय पार्षद को उस बच्चे का स्कूल में एडमिशन कराने का निर्देश दिया।

# आरसीएच पोर्टल पर 67.08 प्रतिशत अंकों के साथ जिले ने टॉप टेन में बनाई जगह

## प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं में आरसीएच पोर्टल पर जिले का शानदार प्रदर्शन

सीतापुर। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में जिले ने प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया है। जिले को यह उपलब्धि वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्राप्त हुई है। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाने वाला आरसीएच पोर्टल एक आईने की तरह है। सूबे के सभी जिले आठ मानकों संकेतकों के आधार पर अपनी उपलब्धि इस पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जाती है। पूरे वित्तीय वर्ष में दी गई सेवाओं की जानकारी के आधार पर हर जिले की रैंक बनती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021.22 में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिले ने 67.08 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश के टॉप टेन जिलों में जगह बनाई है। इसके लिए विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी और फ्रंट लाइन वर्कर बधाई के पात्र हैं। मुझे आशा है कि हमारे सभी कर्मचारी व अधिकारी प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं में और मेहनत करेंगे। जिससे आगामी चालू वित्तीय वर्ष में जिले को प्रथम स्थान मिल सके।

इस तरह तय होती है रैकिंग .

एसीएमओ डॉ. कमलेश चंद्रा ने बताया कि आरसीएच पोर्टल पर 8 संकेतकों के आधार पर यह देखा जाता है कि जिले ने सेवाएं देने में कितनी प्रगति की है। इन संकेतकों में गर्भवती का रजिस्ट्रेशन, प्रथम तिमाही में रजिस्ट्रेशन व जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था, बच्चों का रजिस्ट्रेशन, पूर्ण प्रसव जांच, कुल प्रसव, संस्थागत प्रसव और पूर्ण टीकाकरण शामिल होते हैं। इन सभी मानकों पर प्राप्त उपलब्धि के आधार पर राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग तय होती है।

पोर्टल पर इस तरह दर्ज हुई प्रगति ...

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में आरसीएच पोर्टल पर कुल 74.20 प्रतिशत गर्भवती का पंजीकरण दर्ज किया गया। जिनमें से 50.82 प्रतिशत गर्भवती पहली तिमाही में और उच्च जोखिम वाली 11.72 प्रतिशत गर्भवती का पंजीकरण किया गया। पोर्टल पर पंजीकृत गर्भवती में से 60.86 प्रतिशत गर्भवती की प्रसव पूर्व कम से कम चार बार स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आरसीएच पोर्टल पर 91.07 प्रतिशत प्रसव का पंजीकरण किया गया। पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में जिले में 89.89 प्रतिशत प्रसव स्वास्थ्य केंद्रों पर हुए हैं। पोर्टल पर 79.45 प्रतिशत बच्चों का भी इस पोर्टल पर पंजीकरण किया गया। इसके अलावा एक साल तक की उम्र के 78.66 प्रतिशत बच्चे पूरी तरह से प्रतिरक्षित किए गए हैं।

# भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मनाई गयी जयंती

सेवता,सीतापुर। 14 अप्रैल गुरूवार को जहां सभी जगह पर भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गयी। वहीं इसी क्रम में अम्बेडकर पार्क सेवता में भी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नन्द राम गौतम द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने अम्बेडकर पार्क सेवता पहुंच कर बाबा साहब व भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धन्य है वो मां बाप जिन्होंने ऐसे सपूत को जन्म दिया। बाबा साहब का जन्म अंग्रेजी शासन के समय हुआ था। जिस समय समाज में ऊंच नीच का बोलबाला था। बाबा साहब का पूरा जीवन संघर्ष मय रहा। उन्होंने भारत को एक अच्छा संविधान दिया। संविधान में सबसे पीछे बैठे व्यक्त तक उसका हक पहुंचे। ऐसी ब्यवस्था संविधान में है बाबा साहब के सपनों को साकार करने का काम मोदी और योगी कर रहे हैं। पूर्व बीडीसी सहजराम गौतम ने कहा कि मैं सबसे पहले विधायक श्री तिवारी को मैं अपने पूरे समाज की तरफ से धन्यवाद देता हूं कि आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि अम्बेडकर स्मारक स्थल सेउता में बाबा साहब की जयन्ती मनाने नहीं आया है। क्षेत्र के ईरापुर, सुतौली, बांकुडन पुरवा, सैदापुर, हाजीपुर गांवों आदि में भी अम्बेडकर जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गयी। इस मौके पर अवधेश सिंह चौहान, ब्लाक प्रमुख रेउसा, अनीता प्रधान सेउता, मुबीन प्रधान इटौरी, बीरेंद्र गौतम, पैकरमादीन गौतम, उपेन्द्र गौतम बीडीसी हरिराम गौतम, राजू अवस्थी, शिवकुमार यज्ञसैनी, कन्हैया लाल बाल्मीकि, सचिन सक्सेना, लक्ष्मीकांत मौर्य, ज्ञानेश शुक्ला, महेश राजपूत, राम खेलावन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को जिंदा कारतूस व एक तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

बिसवां नगर,सीतापुर। कोतवाली बिसवां पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को एक जिंदा कारतूस व 12 बोर तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जय हिंद भट्टे के पास से लहरपुर रोड की तरफ एक तमंचा व कारतूस के साथ आ रहा है तो पुलिस टीम ने मौके पर जाकर उसे तमंचा व 1 जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रमेश पासी पुत्र तेजिलाल निवासी शहरी सराय कोतवाली बिसवां बताया। पुलिस ने अनुसार पर पर बिसवां, मानपुर व तहसील फ तेहपुर बाराबंकी आदि में 16 केस दर्ज है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ बिसवां पुलिस ने उसे खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया।

# अमन चौन की दुआ के साथ रोजेदारों ने किया इफ्तार

जौनपुर। शहर के मोहल्ला बलुआघाट में फाजिल सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार में देश के अमन चौन की दुआ की गई। रोजा इफ्तार पार्टी में सिद्दीकी ने सभी से कहा कि रमजान के इस पाक महीने में देश में अमन चौन बना रहे, हिंदू मुस्लिम सब मिलकर देश निर्माण में अपना योगदान करें, खुदा सभी के ऊपर अपना कर्म बनाए रखें ऐसी दुआ खुदा से करें। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्ष कोरोना काल के कारण रमजान में सामूहिक रूप से किसी भी इफ्तार पार्टी का आयोजन नही हुआ था , इस वर्ष आयोजित इफ्तार पार्टी में लोग शामिल होकर देश की एकता अखंडता एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने की दुआ कर रहे है साथ ही कोरोना संक्रमण से हमेशा के लिए मुक्ति की भी प्रर्थना किया गया । बिजली कर्मचारी संघ अध्यक्ष निखलेश सिंह , मोती लाल यादव पूर्व विधायक अरशद खान, उबैदुर रहमान, परवेज अहमद,इमरान अहमद,इरशाद अहमद मंसूरी,साजिद अलीम,आरिफ हबीब,अनवारुल हक गुड्डू,उमेश मौर्या, आदिल खान, इमरान अहमद,उस्मान,माज अहमद खान,हसन मेंहदी ,मुमताज एडवोकेट, अनवारुल हसन,नौशाद अहमद,दिलशाद,इंतेखघब आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# ब्लॉक कर्मचारियों की काली कमाई का जरिया बने सामुदायिक शौचालयों में लटक रहे ताले

बिसवां नगर,सीतापुर। विकासखंड बिसवां की ज्यादातर ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों में लटक रहा ताला। जबकि ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बनवाए गए सामुदायिक शौचालयों में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों की लापरवाही के चलते हुए ग्राम पंचायतों में बने लगभग सभी सार्वजनिक शौचालय आज भी ताले लटक रहे हैं। जबकि योगी सरकार का फरमान था कि कोई भी खुले में शौच के लिए बाहर न जाएं। लेकिन ग्राम पंचायतों में बने सार्वजनिक शौचालय में ताले पड़े होने के कारण ग्रामवासी खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं। जबकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सार्वजनिक शौचालयों का पैसा ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा निकाल लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सबसे चौंकाने वाली बात तब यह सामने आई है कि सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई के लिए सभी ग्राम पंचायतों में समूह के अंतर्गत लड़कों की नियुक्ति कर सभी ग्राम पंचायतों में 27–27 हजार रूपये निकाल लिए गये। सवाल इस बात का उठता है कि जब ग्राम पंचायतों में बने सार्वजनिक शौचालयों में ताले पड़े हैं तो साफ सफाई के लिए पैसा क्यों निकाला गया। सरकार के पैसों का बंदरबांट क्यों किया गया। अब देखना यह है कि विकासखंड सकरन कि ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों के नाम पर ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा सरकार के पैसे का जो बंदरबांट किया गया है। उच्च अधिकारी इसकी जांच करवाकर ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों पर कार्यवाही करते हैं।

# घर के सामने से बाइक चोरी

सिधौली,सीतापुर। मोहल्ला गांधी नगर स्थित एक घर के सामने से अज्ञात चोरों ने एक बाइक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गये। पीडित ने कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर दी है। राजेश कुमार सिंह पुत्र राजकुमार सिंह ने लिखित तहरीर में बताया है कि बीती रात उनके घर के सामने खड़ी उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीडित द्वारा कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# आम जनमानस की जागरूकता व सहभागिता से अग्निकांड पर लगाया जा सकता है अंकुश :अग्निशमन अधिकारी संडीला

हरदोई।वर्तमान समय में गर्मी का मौसम होने के कारण खेतों में किसानों की पकी फसल में छोटी से छोटी सावधानी हटने के कारण एक बड़ी घटना घट जाती है। जिससे व्यक्तिगत हानि के साथ राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान होता है। छोटी–छोटी बातों को ध्यान में रखा जाए, तो आग की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। आम जनमानस की जागरूकता व सहभागिता से असमय होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता, क्योंकि सरकारी संसाधन व कर्मचारी सीमित है। अग्निशमन अधिकारी ने मुख्य बातें बताते हुए कहा आम जनमानस में जागरूकता के लिए बताया फायर ब्रिगेड आपके मित्र के रुप में हैं।

गर्मी के समय आग अपने मायके में आ जाती है। छप्पर बंधे स्थान पर दीपक सावधानीपूर्वक रखें। सिगरेट बीड़ी धूम्रपान करने के बाद उसे रास्ते में न फेंके। ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत लाइन काफी जर्जर है, जिसकी स्पार्किंग व तार टूटने की घटनाओं से किसानों की फसल जल जाती है। गैस सिलेंडर का सही तरीके से प्रयोग करें। कंबाइन मशीन द्वारा फसल की कटाई के बाद बिल्कुल पराली न जलाएं। जिससे अग्निकांड की संभावनाएं बनी रहती हैं। खुले रुप से पेट्रोल डीजल की बिक्री पर रोक लगाई जाए। अवैध गैस रिफिलिंग व्यवस्था पर रोक लगाई जाए, माचिस छोटे बच्चों के हाथों में न दी जाए। रात में सोने से पहले गैस सिलेंडर का वाल अवश्य बंद कर दें। खेतों में खड़ी फसल में आग लगने पर उसके आगे जुताई कर दें। जिससे आग पर काबू पाया जा सके।

अपने मकान दुकान कारखाना व भवनों में अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें। बालू से बाल्टी भरकर रखें। आग लगने पर अग्निशमन आपातकालीन सेवा 112, जिला हरदोई सदर 9454418700 व 9454418703 पर कॉल करके निःशुल्क सेवा ले सकते हैं। आप सब की छोटी–छोटी जागरूकता से आग की घटनाओं से काफी हद तक अंकुश लगाकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

# भू–माफिया ने कटवा ली गेहूँ की फसल,मुकदमा दर्ज

हरपालपुर/हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के कुंडपुरा मजरा शेखसराय गांव में सरकारी जमीन पर बोई गई में 697.484 हेक्टेयर गेहूं की तैयार फसल कंबाइन मशीन से कटवा ली।फर्रुखाबाद एसडीएम सदर के आदेश पर लेखपाल ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। फर्रुखाबाद जिले के कुंडपुरा मजरा शेर सराय गांव में ग्राम समाज की 697.484 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गांव के ही बलवीर सिंह उर्फ कल्लू पुत्र गुमानी ने गेहूं बो दिया था। फसल पक कर तैयार हुई तो आरोपी ने तीन कंबाइन मशीनों से गेहूं कटवा लिया।मामले की शिकायत होने पर फर्रुखाबाद सदर के एसडीएम के आदेश पर अरवल थानाध्यक्ष राजपाल ने मौके पर पहुंचकर गेहूं की फसल काट रही तीन कंबाइन मशीनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।गांव के लेखपाल रविराज रंजन की तहरीर पर आरोपी बलबीर सिंह के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी जमीन पर अवैध रूप से फसल बोकर काटने व सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सीओ हरपालपुर अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अरवल पुलिस की ओर से कार्यवाही की गई। अरवल थाना अध्यक्ष राजपाल से जब इस मामले में जानकारी करना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा।

# कई दर्जन फैक्ट्रियों की चिमनियां उगल रही जहर

जौनपुर। वाराणसी–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रिलोचन महादेव और आस–पास के इलाकों में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों की अनदेखी से अधिकतर फैक्ट्रियों की चिमनियां धुएं के रूप में जहर उगल रही हैं। जिम्मेदार आधिकारियों की उदासीनता से जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। आए दिन ऐसा देखने को मिलता है कि धुआं आसमान पर को काली चादर की तरह ढंक लेता है।पड़ोसी जिले वाराणसी से लगी सीमा पर त्रिलोचन महादेव क्षेत्र में अस्सी के दशक में बड़े–बड़े पूंजीपतियों ने उपजाऊ कृषि योग्य भूमि को किसानों व उनके स्वजन को नौकरी देने का सपना दिखाकर औने–पौने दाम में खरीदकर फैक्ट्रियां खोल ली थीं। धीरे–धीरे फैक्ट्रियों की संख्या 50 के आस–पास पहुंच गईं। शासन– प्रशासन की उपेक्षा व तुगलकी नीतियों के चलते कई फैक्ट्रियां बंद हो गईं। विडंबना है कि आज करीब आधा दर्जन ही फैक्ट्रियां चल रही हैं, जिनमें अधिकतर प्लाईवुड की हैं। वहीं, लहंगपुर में हाल के वर्षों में खुलीं बिस्किट फैक्ट्री समेत कई मिलें अच्छे–खासे मुनाफे में चल रही हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन–प्रशासन से फैक्ट्री मालिकों से प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों को पूरा कराकर जन स्वास्थ्य की रक्षा किए जाने का आग्रह किया है।

# धनन्जय सिंह के प्रकरण में मुकर गया वादी

जौनपुर। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण रंगदारी मामले में वादी अभिनव सिंघल कोर्ट में मुकर गया। अपर सत्र न्यायाधीश 6 एमपी एमएलए कोर्ट में अभिनव सिंघल ने बयान दिया कि न तो उसका अपहरण हुआ था और ना ही उससे रंगदारी मांगी गई थी। वह अपनी इच्छा से पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह के घर गया था। कोर्ट ने अगले गवाह सत्य प्रकाश को 21 अप्रैल को तलब किया है। ज्ञात हो कि 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में मुजफ्फरनगर के निवासी अभिनव सिंघल ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथ ही विक्रम पर थ्प्त् दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया कि संतोष विक्रम दो साथियों के साथ वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गए। वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए वादी को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाने लगे। वादी द्वारा इंकार करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी भी मांगी। एफ आई आर दर्ज होने के बाद इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह गिरफ्तार हुए। बाद में इस मामले पर जमानत मिलने पर रिहा हुए। पिछली तारीख पर धनंजय व संतोष विक्रम ने आरोप मुक्ति प्रार्थना पत्र दिया कि वादी पर दबाव डालकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उच्च अधिकारियों के दबाव में चार्जशीट दाखिल की गई। वादी ने पुलिस को दिए बयान व धारा 164 के बयान में घटना का समर्थन नहीं किया है। शासकीय अधिवक्ता ने लिखित आपत्ति दाखिल की। शासकीय अधिवक्ता का तर्क था कि वादी की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई।

सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर,व्हाट्सएप मैसेज,गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपराध साबित है। वादी पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपितों का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया था।अगली तिथि पर दोनों आरोपित न्यायालय में उपस्थित हुए और आरोप तय हुआ था। कोर्ट ने वादी अभिनव को गवाही के लिए तलब किया था। कोर्ट में दिए गए बयान में वादी अभिनव सिंघल ने कहा कि वह अपनी स्वेच्छा से धनंजय सिंह के घर गया था। ना तो उसका अपहरण हुआ था और ना ही उसे किसी भी तरह की रंगदारी मांगी गई थी। पूरे बयान ने पुलिस की विवेचना पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में दूसरे गवाह सत्य प्रकाश को 21 अप्रैल को तलब किया है।

# आग से दस बीघा फसल जलकर राख

हरदोई।अज्ञात कारणों से लगी आग से करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम के साथ किसी तरह ग्रामीणों ने आग बुझाई । कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर में सुबह करीब 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते दिनेश दीक्षित के गेंहू के खेत मे आग लग गई। जब तक ग्रामीणों को आग लगने की जानकारी हुई तो आनन फानन मे ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग बुझाने लगे। आग पर काबू न होने पर ग्रामीणों ने पुलिस और फायर विग्रेड को सूचना दी। सूचना पर कोतवाल सुनील कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कोई सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ आग बुझाई जब तक आग बुझाई जा सकी तब तक करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने पर अन्य किसानों ने राहत की सांस ली। दिनेश दीक्षित ने बताया उन्होंने अपना खेत गांव निवासी भैयालाल, तेजबली, रामगोपाल, अनंतराम, राकेश, को ठेके पर फसल करने के लिए दिया था। साथ ही ग्रामीणों ने शासन से ब्लॉक मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित करने की भी मांग की है।

# शार्ट सर्किट से आग में चार जानवरो की मौत

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के औरी गांव के रामजीत यादव के मड़हे में . दोपहर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई जिसने देखते ही देखते विकराल रुप ले लिया आस पास के लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिग्रेड के साथ पुलिस को सूचना दिया मौके पर सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण पर्वत अपने हमराहीयो संग पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया फायर ब्रिग्रेड वालो ने पहुँच कर आग पर काबू पाया तब तक चार जानवरों में दो गाय एक भैस एक बछिया की जल कर मौत हो गयी मौके पर पशु चिकित्साधिकारी केराकत अजय यादव पहुंचे और जानवरों के बारे में आवयष्क व्यवस्था करायी।

# प्रेशर हॉर्न के बढ़ते क्रेज से बढ़ती जा रही मुसीबत

जौनपुर। जनपद प्रदूषण के मामले में टॉप टेन में शामिल है। इन्हीं प्रदूषणों में से एक प्रदूषण है ध्वनि प्रदूषण। जिस पर सरकार मानक तय की है किस क्षेत्र में कितना डेसिबल तक बजाना है और किस क्षेत्रो को साइलेंट जोन घोषित है। जहाँ पर तेज आवाज प्रतिबंधित है। लेकिन ऐसे में जिला मुख्यालय सहित सभी छोटे–बड़े बाजारों में प्रतिबंधित होने के बावजूद भी खुलेआम प्रेशर हॉर्न बजाया जा रहा है। जिस पर पुलिस कार्यवाही करने के बजाय मूक दर्शक बनी हुई है। युवा भी इसे अपनी गाड़ियों में फैशन के रूप में लगाकर खुलेआम चल रहे है। जिससे यात्री, राहगीर सहित आम जनमानस परेशान है। कस्बा के मुख्य चौराहों की सड़कों पर प्रेशर हॉर्न लगाएं दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित ट्रक चालक भी प्रेशर हॉर्न लगाकर चल रहे है। पुलिस देखने के बाद भी इन पर कार्यवाही नहीं कर रही है। हालांकि न्यायालय ने भी इस पर रोक लगाने के लिए ध्वनि प्रदूषण को लेकर हिदायत देते हुए अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिया था लेकिन उसका पालन रत्तीभर होते नहीं दिखाई दे रहा है। जिससे बहुत तेज से प्रेशर हॉर्न बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। जो आम नागरिको के लिए परेशानियां बढ़ती जा रही है। ज्ञात हो कि युवाओं में इसका क्रेज बढ़ता जा रहा है। न्यू मॉडल की बुलेट में लगे साइलेंसर लगाकर चलाना आदत बनती जा रही है। इस पर पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। जबकि कम्पनियों द्वारा वाहन बेचते समय सामान्य हॉर्न लगा होता है लेकिन खरीद के बाद काफी लोग अपने वाहनों में तेज आवाज करने वाले प्रेशर हॉर्न लगवा लेते है। युवक बाइक में मौज मस्ती के चलते प्रेशर हॉर्न लगवा लेते है। जिससे आम नागरिक को परेशानी होती है। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह समझ से परे है। इस तरह पुलिस की लचर कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। लोगों में चर्चा है कि इस तरह से प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। सरकार द्वारा शहर में कई ऐसे शासकीय कार्यालयों, चिकित्सालयों, न्यायालय व विद्यालयों के पास साइलेन्स जोन घोषित किया गया है। इन स्थानों पर प्रेशर हॉर्न का प्रयोग नहीं किया जा सकता लेकिन नियम कानून को ताक पर रखकर वाहन चालक प्रतिंबन्धित क्षेत्र में प्रेशर हॉर्न बजाकर शासन – प्रशासन को चुनौती देते नजर आ रहे है। जबकि कस्बा के मुख्य मार्ग पर दर्जनों अस्तपाल, विद्यालय आदि है। कुछ शोहदे किस्म के लोग सगे – सम्बन्धियों से बुलेट बाइक मांगकर विद्यालय के आस – पास प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करते हुए नजर आते रहते है। जिससे वहां से आने – जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है जिम्मेदार मौन है। सुबह से लेकर रात तक तेज हॉर्न लगे दुपहिया चार पहिया वाहन सड़को पर दौड़ते है। ये वाहन कस्बा के गलियों में भी घूमते है। यह मुख्य रूप से तब ज्यादा देखने को मिलता है जब कॉलेजो में छात्राओं का आने – जाने का समय होता है। तेज हॉर्न से विशेषरूप से बुजुर्गों और मरीजों को वाहनों की तेज आवाज परेशान करती है। बच्चे भी अचानक तरह – तरह की तेज आवाज सुनाई देने से डर जाते है। ऐसे में स्थानीय दुकानदार व क्षेत्रवासियीं ने जिम्मेदार लोगों से पुलिस व परिवहन विभाग से प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों की धरपकड़ कर उनके विरुद्ध कार्यवाई की मांग किया है। इस पर पूरी तरह से नियंत्रण होना चाहिए। सड़क पर व पैदल चल रहे बच्चों, बुजुर्गों, साइकिल सवार प्रेशर हॉर्न की वजह से घबरा जाते है। दुपहिया ही नहीं फोरविलर, बसों और ट्रकों में भी प्रेशर हॉर्न लगा कर चल रहे है।

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

समाचार पत्र

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458

संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

8795951917 , 9453824459

ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com

E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# बड़े काम आ सकते हैं बर्तन धोने वाले साबुन से जुड़े ये हैक्स, जरूर आजमाकर देखें



अब तक आप बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल बर्तनों को धोने के लिए करते आए होंगे, लेकिन इसका इस्तेमाल सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। दरअसल, आप घर के छोटे–बड़े कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल करके अपने कई कामों को बेहद आसान बना सकते हैं। शायद आप इस बात से वाकिफ नहीं हैं तो चलिए फिर आज बर्तन धोने वाले साबुन से जुड़े कुछ हैक्स जानते हैं।

कपड़ों से ग्रीस के दाग छुड़ाना होगा आसान

अगर आप अपने किसी कपड़े से ग्रीस के दाग छुड़ाना चाहते हैं तो आप इसके लिए बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले बर्तन धोने वाले साबुन को कपड़े की दाग वाली जगह पर अच्छे से रगड़कर कम से कम 10–15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद कपड़े को हल्के गुनगुने पानी से साफ करके धूप में सुखा दें। अगर दाग रह जाए तो इस प्रक्रिया को दो से तीन बार दोहराएं।

फर्श को चमकाने में है कारगर

अगर आप अपने घर के फर्श को नैचुरल तरीके से साफ करना चाहते हैं तो इसके लिए आप बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले बर्तन धोने वाले साबुन को हल्के गर्म पानी में मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। इसके बाद एक छोटी बाल्टी में थोड़ा साबुन का घोल, गर्म पानी, नींबू का रस और तीन चम्मच सिरका डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण का पूरे घर में पोंछा लगाएं।

बतौर ज्वेलरी क्लीनर करें इस्तेमाल

अगर आपकी ज्वेलरी की चमक फीकी पड़ गई है या आपकी ज्वेलरी बहुत गंदी लगने लगी है तो आप इसके लिए बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। बस इसके लिए आपको अपनी ज्वेलरी पर थोड़ा सा बर्तन धोने वाला साबुन लगाकर पुराने टूथब्रश से हल्के हाथों से रगडना है। इसके बाद साफ कपड़े से उसे पोंछ लें। ऐसा करने के बाद आपकी ज्वेलरी साफ होने के साथ–साथ चमक भी उठेगी।

स्टीकर को आसानी से निकालें

अगर किसी नए बर्तन या किसी अन्य चीज पर लगे स्टीकर को निकालना काफी मुश्किल हो रहा है तो आप इस काम को आसान बनाने के लिए बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले स्टीकर वाली जगह पर थोड़ा बर्तन धोने वाला साबुन लगाकर कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। ऐसा करने से स्टीकर्स की पकड़ कमजोर हो जाएगी, फिर आप चुटकियों में इस स्टीकर को निकाल सकेंगे।

# ग्लैमरस ड्रेस में मुनमुन दत्ता ने दिखाई दिलकश अदा


टीवी के चर्चित कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी मतलब अभिनेत्री मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर बहुत सक्रीय रहती हैं। वही अब मुनमुन दत्ता ने कुछ ऐसी फोटोज साझा



की हैं, जिनके सामने आते ही इंटरनेट का पारा गर्म हो गया है। शिमरी शॉर्ट ऑउटफिट में मुनमुन दत्ता ने कुछ ऐसी अदाएं दिखाई हैं जिसे देखकर हर फैन जेठालाल की भांति उनपर फिदा हो गया है। इन फोटोज में मुनमुन दत्ता एक हाई स्लिट शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। उनकी फिटनेस इस ऑउटफिट में और भी परफेक्ट लग रही है। मुनमुन दत्ता का ये ऑउटफिट वन शोल्डर स्टाइल का है, इस ऑउटफिट से वह सोशल मीडिया पर ग्लैमर का तड़का लगा रही हैं। मुनमुन दत्ता की ये चमकदार शिमरी ड्रेस देखकर उनके प्रशंसक कमेंट बॉक्स में बॉलीवुड का लोकप्रिय गाना बदन पे सितारे लपेटे हुए... याद कर रहे हैं। उनके पोस्ट पर हजारों यूजर्स ने कमेंट किए हैं। उनमें से एक ने लिखा, यह लड़की हमेशा इतनी खूबसूरत क्यों लगती है? एक अन्य शख्स ने लिखा, आपकी कई खूबसूरत फोटोज इंस्टाग्राम फेसबुक ट्विटर पर हैं, मगर ये अंदाज सबसे प्यारा है। बता दे कि इन दिनों मुनमुन दत्ता खतरा खतरा खतरा में दिखाई दे रही हैं। उनका लुक इस शो में हर बार चर्चा का विषय बन जाता है। मुनमुन दत्ता अपनी अदाओं से हर किसी का दिल जीत लेती है।




# लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद रणबीर अभिनीत फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे आमिर



अभिनेता आमिर खान लाल सिंह चड्ढा को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं। फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ी हुई है, क्योंकि काफी समय बाद इसके जरिए आमिर बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। अब खबर है कि वह लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बता दें कि आमिर खुद इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, आमिर ने रणबीर अभिनीत फिल्म के प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। एक सूत्र ने बताया, इस अनटाइटल फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा और इसमें दर्शकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश होगा। इसलिए आमिर ने पहले ही ड्रेसिंग, संभावित लोकेशंस, लुक और अन्य चीजों के बारे में विचार करना शुरू कर दिया है, जबकि अभी फाइनल स्क्रिप्ट को तैयार किया जा रहा है।

सूत्र ने बताया कि आमिर अद्वैत चंदन की लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के तुरंत बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने का मन बना रहे हैं। उम्मीद है कि मई तक लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग पूरी हो जाएगी। फिल्म में उनके साथ करीना कपूर भी दिखने वाली हैं। फिलहाल आमिर अपनी अनटाइटल फिल्म के प्री–प्रोडक्शन पर गौर फरमा रहे हैं। कहा जा रहा है कि रणबीर और आमिर दोनों इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं।

लाल सिंह चड्ढा अभिनेता आमिर के प्रोडक्शन हाउस आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही है। इससे पहले आमिर खान प्रोडक्शंस ने लगान, तारे जमीन पर और दंगल जैसी सुपरहिट फिल्में बनाई हैं।

आमिर और रणबीर पहली बार एक साथ फिल्म पीके में नजर आए थे। इस फिल्म में रणबीर का कैमियो था। फिल्म 2014 में दर्शकों के बीच आई थी। अब एक बार फिर दर्शकों के लिए दोनों को साथ देखना किसी तोहफे से कम नहीं होगा। रिपोर्ट की मानें तो आमिर और रणबीर दोनों को अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई थी। फिलहाल फिल्म के फीमेल लीड कलाकारों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

आमिर को आखिरी बार फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में लीड रोल में देखा गया था। अंदाज अपना अपना 2 के साथ भी इस अभिनेता का नाम जुड़ चुका है। स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक में आमिर नजर आएंगे। रणबीर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में हैं। वह करण मल्होत्रा की शमशेरा में दिखेंगे। विक्की कौशल अभिनीत मिस्टर लेले के एक खास गाने में भी रणबीर नजर आएंगे।

# आचार्य का ट्रेलर जारी, चिरंजीवी और राम चरण का धर्मस्थली जंगल की रक्षा के लिए दिखा जुनून




चिरंजीवी और राम चरण की नई फिल्म आचार्य के निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म की रिलीज से पहले इसका ट्रेलर जारी कर दिया है।

नाट्य ट्रेलर न केवल धर्मस्थली के पास पवित्र भूमि और दिव्य जंगल की रक्षा करने वाले कामरेड के रूप में पिता–पुत्र की जोड़ी को दिखाता है, बल्कि इससे लोगों में फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

राम चरण को धर्मस्थली की पवित्र भूमि के रक्षक के रूप में चित्रित किया गया है, जो पवित्र भूमि और एक दिव्य नदी के बीच कार्य करता है। राम चरण को पवित्र स्थान धर्मस्थली की रक्षा के लिए अपराधियों के साथ लड़ते हुए दिखाया गया है।

ट्रेलर के दूसरे भाग में चिरंजीवी को शीर्षक भूमिका में दिखाया गया है, जो सोनू सूद द्वारा निभाए गए खलनायक के खिलाफ लड़ते हैं। ट्रेलर से यह भी पता चलता है कि राम चरण धर्मस्थली की रक्षा के लिए भेजे गए चिरंजीवी की छाया से ज्यादा कुछ नहीं है। सबसे दिलचस्प पहलुओं में से एक दोनों का एक साथ स्क्रीन टाइम है। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा है। कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित आचार्य में मुख्य भूमिका में पूजा हेगड़े और काजल अग्रवाल हैं। जानकारी के मुताबिक, 29 अप्रैल को रिलीज होने वाली इस फिल्म ने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

# गर्मियों में आपके पास जरूर होने चाहिए ये स्किन केयर प्रोडक्ट्स



अब मौसम गर्मी का है और ऐसे में आपके स्किन केयर रूटीन में इस तरह के प्रोडक्ट्स के प्रोडक्ट्स होने चाहिए, जो त्वचा हाइड्रेट रखने के साथ ही आरामदायक महसूस करवाएं। दरअसल, गर्मी के दौरान पसीना आने के कारण सारा मेकअप खराब हो जाता है, इसलिए आप गर्मियों में ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जो आपको बिना मेकअप के खूबसूरत बनाएं। आइए जानते हैं कि गर्मियों में किन स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना लाभदायक है।

सनस्क्रीन

जब भी आप घर से किसी काम के लिए निकलने वाले हो तो उससे पहले अपने चेहरे और अपने शरीर के अन्य दिखाई देने वाली त्वचा पर सनस्क्रीन की एक मोटी लेयर जरूर लगाएं। सनस्क्रीन आपको सूरज की हानिकारक ड्क किरणों से बचाती है और सनबर्न, हाइपरपिग्मेंटेशन और समय से पहले उभरते बढ़ती उम्र के प्रभाव को दूर करने में मदद करती है। इसके लिए सनस्क्रीन का ऐसा फॉर्मूला चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुकूल हो।

फेस मिस्ट

गर्मियों के दौरान फेस मिस्ट का एक छिड़काव आपकी त्वचा को तरोताजा करने और इसे बाहरी अशुद्धियों से सुरक्षित रखने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह आपके मेकअप को स्मूथ और नेचुरल लुक देने में सहायक है। इसलिए हमेशा अपने बैग में एक फेस मिस्ट जरूर रखें। आप चाहें तो मार्केट से खरीदने की बजाय घर पर खुद भी फेस मिस्ट बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

फेसवॉश

गर्मी के प्रभाव से त्वचा को बचाने के लिए सबसे पहले अपने सर्दियों के फेसवॉश को हाइड्रेटिंग फेसवॉश से स्विच करें, जो रूखी और बेजान त्वचा के लिए सही है। इतना ही नहीं, अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार ही फेसवॉश खरीदना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही त्वचा को साफ और तरोताजा रखने के लिए दिन में कम से कम दो बार धोएं और नियमित रूप से टोनर का इस्तेमाल करें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी

ब्लोटिंग शीट

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी त्वचा का प्रकार क्या है, बस हमेशा अपने बैग में ब्लोटिंग पेपर का एक पैकेट रखें। दरअसल, ब्लोटिंग पेपर चेहरे के अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने के साथ ही इसे तरोताजा महसूस करवाने में मदद कर सकता है। इसलिए जब भी आप अपने चेहरे पर तेल या पसीना महसूस करें तो कॉम्पैक्ट पाउडर लगाने की बजाय अपने चेहरे को ब्लोटिंग पेपर से पोंछें।